# विधान सभा
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

# Legislative Assembly
# National Capital Territory of Delhi

## प्रश्नों की सूची
## LIST OF QUESTIONS

सोमवार, 28 मार्च, 2022/07 चैत्र, 1944 (शक)

**Monday, the 28th March, 2022/07 Chaitra, 1944 (Saka)**

तारांकित प्रश्न : 21 – 40

अतारांकित प्रश्न : 65 – 145

**Starred Questions : 21-40**

**Unstarred Questions : 65-145**

## विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## मौखिक उत्तरों के लिए प्रश्नों की सूची

सोमवार, 28 मार्च, 2022 / 07 चैत्र, 1944 (शक)

**कुल प्रश्नः 21 – 40**

**21. श्री सुरेंद्र कुमार** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) गोकुलपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2020–21 व 2021–22 के दौरान जारी किए गए राशनकार्डों की कुल संख्या व उन कार्डधारकों के नाम व पतों का विवरण प्रदान करें;

ख) गोकुलपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में इस्तेमाल हो रहे राशनकार्डों (बीपीएल / एपीएल) का कार्डधारकों के नाम, पतों व फोन नंबरों सहित विवरण प्रदान करें;

ग) गोकुलपुर विधानसभा क्षेत्र में मौजूद उचित दर दुकानों का विवरण, जिसमें नाम, पता व फोन नंबरों के साथ–साथ प्रत्येक दुकान पर मौजूद राशनकार्डों की संख्या भी दी गई हो;

घ) गोकुलपुर विधानसभा क्षेत्र में तैनात खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षकों का सम्पर्क नम्बर सहित विवरण; और

ङ) स्थानीय विधायक के बार–बार अनुरोध करने पर भी खाद्य आपूर्ति अधिकारी का स्थानांतरण न किए जाने का क्या कारण है?

**22. श्री विशेष रवि** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या अनुसूचित जाति की ऐसी महिला जिसने सामान्य वर्ग के व्यक्ति से विवाह किया हो, किसी अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए आरक्षित (रोटेशन) सीट से नगर निगम का चुनाव लड़ सकती है;



## LEGISLATIVE ASSEMBLY

## National Capital Territory of Delhi

## List of Questions for ORAL ANSWERS

Monday, the 28th March, 2022/07 Chaitra, 1944 (Saka)

**Total No. of Questions: 21 - 40**

**21. Shri Surendra Kumar** **Food & Supplies**

Will the Hon'ble Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) Details of ration cards issued in the Gokalpur Constituency during the years 2020-2021 and 2021-2022 including name and addresses of the card holders

b) Details of ration cards (APL/BPL) currently being used in the Gokalpur Constituency with name, phone numbers and addresses of the card holders;

c) Details of Fair Price Shops with name, phone number and addresses in the Gokalpur Constituency along with the number of ration cards in each Fair Price Shops;

d) Details of the Food and Supplies Inspectors deployed in the Gokalpur Constituency and their contact details; and

e) Reasons for not transferring the FSO in spite of my repeated requests?

**22. Shri Vishesh Ravi** **Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Whether a woman belonging to a Scheduled Caste but married to a male of general category contest on a seat from a Municipal Ward reserved (by rotation) for women of the Scheduled Caste Category;

ख)	क्या आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद दिल्ली नगर निगमों को विधायकों के विवरण वाले बोर्डों, आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक से संबन्धित बोर्डों को मिटाने/रंगने और राजनीतिक होर्डिंग्स को हटाने के कोई निर्देश दिए गए हैं;

ग)	यदि हाँ, तो इन दिशा निर्देशों/निर्देशों की प्रतिलिपि उपलब्ध कराएँ, और

घ)	क्या निर्देशों में ऐसे बोर्डों को केवल काले रंग से रँगने के लिए कहा गया है?

**23. श्री जरनैल सिंह — खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क)	दिल्ली में कुल राशनकार्ड धारकों की संख्या;

ख)	क्या नए राशनकार्ड जारी करने की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है;

ग)	यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

घ)	यदि हाँ, तो आज की तिथि में लंबित कुल आवेदनों की संख्या;

ङ)	क्या केंद्र सरकार ने प्रत्येक राज्य में जारी होने वाले राशनकार्डों के लिए कोई सीमा निर्धारित की है;

च)	यदि हाँ, तो उसके क्या मानदंड हैं;

छ)	इन मानदंडों के आधार पर दिल्ली में जारी किए जा सकने वाले कार्डों की संख्या;

ज)	क्या सरकार ने कार्डों की इस संख्या को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध हेतु कोई कदम उठाया हैं; और

झ)	यदि हाँ, तो इस संबंध में लिखे गए पत्र व प्राप्त उत्तरों का विवरण?



b)	Whether any instructions are issued to the Corporations to cover/paint the MS/SS Boards of MLA details, Aam Aadmi Mohalla Clinics or remove political hoardings after commencement of Model Code of Conduct;

c)	If yes, copies of such instructions/ guidelines may be provided; and

d)	Whether the instructions are issued to use only black paint to cover the MS/SS boards?

**23. Shri Jarnail Singh — Food & Supplies**

Will the Hon'ble Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a)	Number of ration card holders in Delhi;

b)	Whether the process of issuing new ration cards has commenced;

c)	If not commenced, the reasons thereof;

d)	If yes, the details of applications pending as on date;

e)	Whether the Central Government has prescribed the limit of ration card that can be issued in each States;

f)	If yes the criteria for the same;

g)	The number of cards that can be issued in Delhi on the basis of this criteria;

h)	Whether the Government has taken any steps to approach the Central Government to increase the number of cards; and

i)	If yes, the details of the correspondences made and the replies received in this regard?

**24. श्री एस0 के0 बग्गा** **व्यापार एवं कर**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) व्यापारियों की संख्या, जिस वार्ड में वे पंजीकृत हैं व वर्ष 2009–10, 2010–11 व 2011–12 के लिए लंबित वैट रिफंड का विवरण;

ख) क्या यह सत्य है कि वैट–रिफंड का विवरण पोर्टल से हटा दिया गया है, यदि हाँ, तो उसके क्या कारण हैं;

ग) क्या यह सत्य है कि केंद्रीय अधिनियम के अंतर्गत व्यापारियों का मूल्यांकन तीन–तीन बार अर्थात डीवीएटी–9 के आधार पर, नियमित मूल्यांकन के आधार पर तथा एकपक्षीय आधार पर किया गया है;

घ) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

ङ) ऐसे व्यापारियों का विवरण (वार्डवार, व्यापारीवार तथा रकमवार), जिनका मूल्यांकन वर्ष 2009–2010 से 2016–2017 की अवधि के दौरान दो बार या तीन बार किया गया;

च) इस संबंध में विभाग ने क्या कार्रवाई की है;

छ) वर्ष 2009–10 से 2016–17 की अवधि के दौरान, ऐसे मामलों का (वार्डवार, व्यापारीवार तथा रकमवार) विवरण, जिन्हें अपीलीय प्राधिकारी ने वापस भेज दिया हो;

ज) वर्ष 2009–10 से 2016–17 की अवधि के दौरान वापस भेजे गए ऐसे कितने मामले थे जो टाइमबार्ड हो गए; और

झ) इन मामलों का (वार्डवार व्यापारीवार तथा संबद्ध करराशि के अनुसार) विवरण?

**25. श्री भूपिंदर सिंह जून** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में मौजूद आरक्षित वन क्षेत्र का विवरण;

ख) आरक्षित वन क्षेत्र के अतिरिक्त उस क्षेत्र का विवरण जिसे वन/रिज क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया गया है;



**24. Shri S.K. Bagga** **Trade & Taxes**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) The details including, number of dealers, wards in which registered and amount of VAT refund which is pending for the years 2009-2010, 2010-2011 and 2011-2012;

b) Whether it is a fact that the details of VAT refund details have been removed from the Portal and if yes, reasons for the same;

c) Whether it is a fact that dealers were assessed 3 – 3 times under the Central Act, i.e on the basis of DVAT-9, on the basis of Regular Assessment and third on the basis of Ex-Parte Assessment;

d) Reasons for the same;

e) The details of the dealers (ward wise, dealer wise and amount wise) who were so assessed twice or thrice during the period 2009-2010 to 2016-2017;

f) Action taken by the Department in this regard;

g) The details of the cases (ward wise, dealer wise and amount wise) which were remanded by the Appellate Authorities during the period 2009-2010 to 2016-2017;

h) How many cases that were remanded during the period 2009-2010 to 2016-2017 have become time barred; and

i) Details of such cases (ward wise, dealer wise and the amount of tax involved)?

**25. Shri Bhupinder Singh Joon** **Environment**

Will the Hon'ble Minister of Environment be pleased to state:

a) Details of the reserve forest area that exists in Delhi;

b) Details of the area, apart from the reserve forest area, that has been classified as forest/ridge area;

ग) संपूर्ण दिल्ली में और बिजवासन विधानसभा क्षेत्र एसी–36 में ऐसे आरक्षित वन क्षेत्र का विवरण जिस पर अनाधिकृत कब्जा अथवा अतिक्रमण है,

घ) विगत तीन वर्षों में वन विभाग द्वारा जिस क्षेत्र को पुनः प्राप्त किया गया है, उसका विवरण;

ङ) क्या यह सत्य है कि आरक्षित वन भूमि पर ज़मीन हथियाने वालों, भू–माफियाओं और बिल्डर्स द्वारा वन विभाग के कर्मचारियों के साथ मिली–भगत करके अतिक्रमण किया जाता है;

च) यदि हाँ, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई का विवरण;

छ) क्या इस भूमि की सुरक्षा के लिए, विशेषकर बिजवासन क्षेत्र में, चाहरदीवारी बनाने, कँटीले तार आदि लगाने जैसे कोई कदम उठाए जा रहे हैं;

ज) वन विभाग में स्वीकृत कुल पदों की तथा खाली पड़े पदों की संख्या; और

झ) इन वन क्षेत्रों में लुप्तप्रायः जीवों और संरक्षित जानवरों, जैसे नीलगाय आदि की दुर्घटनाओं आदि से होने वाली अप्राकृतिक मृत्यु से बचाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**26. श्री नरेश बालियान — खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि नए राशनकार्ड जारी किए जाने की प्रक्रिया काफी लंबे समय से आरंभ नहीं की गई है;

ख) इसके क्या कारण हैं, और

ग) इस प्रक्रिया को पुनः कब तक प्रारंभ कर दिया जाएगा?



c) Details of the area of reserve forest and forests which are under unauthorized possession or encroached in Delhi and in Bijwasan AC-36;

d) Details of the area which was reclaimed/repossessed by the Forest Department during the past three years;

e) Whether it is a fact that reserved forest and forest land is being encroached upon by land grabbers, land mafia and builders with the connivance of Forest Department Officials;

f) If yes, the details of the action taken in this regard;

g) Whether any steps are being taken to protect these forests by boundary wall, barbed wires etc particularly in Bijwasan AC;

h) Details of sanctioned posts in the forest Department and the number of posts lying vacant; and

i) Steps being taken to protect the endangered species of and protected animals such as Nilgai from unnatural deaths such as accidents in these forest areas?

**26. Shri Naresh Balyan — Food & Supplies**

Will the Hon'ble Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the process of issuing new ration cards has not commenced for a long period of time;

b) The reasons for the same; and

c) By when is this process expected to commence?

**27. श्री अजय दत्त** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में, नई आबकारी नीति लागू होने के बाद खोली गई नई शराब की दुकानों की संख्या, जिसके साथ दुकान और उसके स्वामी का पता व फोन नंबर हो;

ख) क्या यह सत्य है कि स्थानीय विधायक और निवासियों के विरोध के बावजूद भी अंबेडकर विधानसभा क्षेत्र में अनेक शराब की दुकानें खोली गई हैं, जिनमें से कुछ का विवरण इस प्रकार है;

i. वार्ड संख्या 79 एस – दुकान संख्या 4, 5, 6, विराट सिनेमा कॉम्प्लेक्स

ii. वार्ड संख्या 80 एस – दुकान संख्या 1, 2, 3, मदनगीर डीडीए फ्लैट्स

iii. वार्ड संख्या 80 एस – दुकान संख्या 12, 13, सेक्टर 5, पुष्प विहार

iv. वार्ड संख्या 80 एस – दुकान संख्या 4, 5, 6, विराट सेक्टर 3, पुष्पविहार, एमबी रोड

v. वार्ड संख्या 81 एस – दुकान संख्या 2, 3, सी 27/1ए, भूतल, खसरा सं046/7 एमबी रोड

ग) कड़े विरोध तथा मेरे द्वारा विभाग को अनेक पत्र लिखे जाने के बावजूद इन दुकानों को बंद क्यों नहीं किया गया है;

घ) जिन दुकानों का विरोध निवासियों द्वारा किया जा रहा हो, उन्हें बंद करने की प्रक्रिया का संपूर्ण विवरण;

ङ) अंबेडकर नगर विधानसभा में मौजूद शराब के गोदामों का विवरण व उनकी संपर्क संख्या;

च) अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में नाइटक्लबों, रेस्टोरेंटों, बैंक्वेट हॉलों और बार के लिए जारी किए गए लाइसेंसों का विवरण व उनकी वैधता की अवधि; और

छ) अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में तैनात आबकारी अधिकारियों व निरीक्षकों का विवरण, उनकी संपर्क संख्या सहित?



**27. Shri Ajay Dutt** **Excise**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Details of the new liquor shops opened in the Ambedkar Nagar Constituency after the implementation of the new Excise policy with the contact details and address of the shops and their owners;

b) Whether it is a fact that in spite of opposition by the Area MLA and residents many liquor shops have been allowed to operate in the Ambedkar Nagar Constituency, the details of a few of which are as follows:

i. Ward No.79 S – Shop No.4,5,6 Virat Cinema Complex

ii. Ward No. 80 S – Shop No. 1,2,3 Madangiri DDA Flats

iii. Ward No.80 S – Shop No. 12, 13 Sector 5 Pushp Vihar

iv. Ward No. 80 S – Shop No. 4,5,6 Virat Sector 3 Pushp Vihar MB Road

v. Ward No. 81 S – Shop No. 2, 3 C 27/1A Ground Floor Khasra No.46/7 MB Road

c) Reasons for not shutting down these shops in spite of vehement protests and numerous letters written by me to the Department;

d) Details of the procedure for closing down such shops which are opposed by the residents;

e) Details of the liquor godowns in the Ambedkar Nagar AC alongwith their contact details

f) Details of licenses issued to Night clubs, restaurants, banquet halls and bars in Ambedkar Nagar AC along with their validity period; and

g) Details of the Excise Department Officers and Inspectors deployed in the Ambedkar Nagar Constituency alongwith their contact details?

**28. श्री रोहित मेहरौलिया** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि त्रिलोकपुरी विधानसभा क्षेत्र का खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय विगत 25 वर्ष से पड़पड़गंज से कार्य कर रहा है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि त्रिलोकपुरी विधानसभा के अतिरिक्त पड़पड़गंज विधानसभा क्षेत्र व कोंडली विधानसभा क्षेत्र के खाद्य आपूर्ति कार्यालय भी उसी परिसर से कार्य कर रहे हैं;

ग) निवासियों की कठिनाइयों को देखते हुए क्या इन कार्यालयों को उनसे संबंधित क्षेत्रों में स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव है;

घ) यदि हाँ, तो त्रिलोकपुरी का खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय त्रिलोकपुरी विधानसभा क्षेत्र में कब तक स्थानांतरित कर दिया जाएगा;

ङ) क्या डीयूएसआईबी की खाली पड़ी भूमि को इसके लिए प्रयोग किया जा सकता है;

च) यदि हाँ, तो क्या विभाग नें इस संबंध में कोई कदम उठाए हैं;

छ) क्या विभाग द्वारा सभी राशनकार्ड धारकों को राशन दिए जाने के निर्देश के बावजूद राशन की दुकानों को राशन के आवंटन की मात्रा नहीं बढ़ाई गई है; और

ज) यदि हाँ, तो इस समस्या का समाधान कब तक कर लिया जाएगा?

**29. श्री पवन शर्मा** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि धीरपुर परियोजना के अंतर्गत दिविप्रा तथा अरबन ईकोलॉजी एंड सस्टेनेबिलटी के द्वारा 25.38 हेक्टेयर भूमि पर एक 'वॉटर लैंड पार्क' का निर्माण किया जाना था;

ख) क्या यह भी सत्य है कि इस भूमि का स्वामित्व दिविप्रा के पास है और इस कार्य के लिए धनराशि दिविप्रा तथा अंबेडकर यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली द्वारा उपलब्ध कराई जानी थी;



**28. Shri Rohit Mehraulia** **Food & Supplies**

Will the Hon'ble Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the Food And Supplies Office of the Trilokpuri AC is functioning from Patparganj since last 25 years ;

b) Whether it is also a fact that besides Trilokpuri AC the Food and Supplies offices of Patparganj AC and Kondli AC are also functioning from the same place;

c) Keeping in view the problems faced by the residents is there any proposal to shift these offices to the concerned areas;

d) If yes, by when will the Trilokpuri Food And Supplies Offices be shifted to Trilokpuri area;

e) Whether the vacant land of DUSIB in Trilokpuri can be used for this purpose;

f) If yes, has the Department taken any steps in this regard;

g) Whether the allotment of ration to the shops has not been increased in spite of the instructions issued by the department to provide ration to all the ration card holders; and

h) If yes, by when will the problem be resolved?

**29. Shri Pawan Sharma** **Environment**

Will the Hon'ble Minister of Environment and Forests be pleased to state:

a) Whether it is a fact that under the Dhirpur Project a Water Land Park was to be constructed on 25.38 Hectare of land by DDA and Centre for Urban Ecology and Sustainability;

b) Whether it is also a fact that this land is owned by DDA and the work was to be funded by DDA and Ambedkar University of Delhi (AUD);

ग) क्या यह भी सत्य है कि दिविप्रा द्वारा डीसिल्टिंग में विलंब किए जाने के कारण इस परियोजना में देरी हुई है;

घ) क्या यह भी सत्य है कि इस भूमि पर वर्तमान में पानी है ही नहीं, अतः डीसिल्टिंग किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है;

ङ) क्या यह भी सत्य है कि दिविप्रा द्वारा निर्णय न ले पाने के कारण पर्यावरण संरक्षण संबंधी यह महत्वपूर्ण परियोजना लंबित है;

च) दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा इस परियोजना को पूरा किए जाने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

छ) इस परियोजना के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है?

**30. श्रीमति राजकुमारी ढिल्लों — शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि हरि नगर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की 29 सड़कें हैं;

ख) क्या यह भी सत्य है कि इनमें से अनेक सड़कों का नामकरण अभी होना शेष है;

ग) क्या यह सत्य है कि 'स्टेट नेमिंग अथॉरिटी' ऐसी सड़कों के नामकरण के बारे में निर्णय करता है;

घ) क्या इन सड़कों का कोई नाम न होने के कारण निवासियों को होने वाली कठिनाइयों से विभाग अवगत है;

ङ) विगत वर्षों में 'स्टेट नेमिंग अथॉरिटी' की हुई बैठकों का विवरण; और

च) लोक निर्माण विभाग की सड़कों और 'मेटल फोर्जिंग चौक' (फाइल सं0 एमएलए/एसी–28/ 21–22/106) को उपयुक्त नाम कब तक दे दिए जाएँगे?



c) Whether it is also a fact that due to delay on the part of DDA in desilting, the project has been delayed;

d) Whether it is also a fact that as there is no water now in this land therefore there is no necessity for desilting at all;

e) Whether it is also a fact that due to failure of DDA to take a final decision, this important environmental conservation project is pending;

f) The steps being taken by DPCC to complete this project; and

g) By when is the project expected to be completed?

**30. Smt. Rajkumari Dhillon — Urban Development**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Whether it is a fact that there are 29 PWD roads in the Hari Nagar AC;

b) Whether it is also a fact that many of these roads are yet to be named;

c) Whether it is a fact that the State Naming Authority has to decide the naming of such roads;

d) Whether the department is aware of the problems being faced by the residents of these areas due to lack of proper names for these roads;

e) Details of the meetings of the State Naming Authority held over the past years; and

f) By when will the PWD roads and Metal Forging Chowk (File No. MLA/AC-28/21-22/106) be given proper names?

**31. श्री जय भगवान** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) राशन कार्डों के सत्यापन व उनकी संख्या में वृद्धि के संदर्भ में सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदम;

ख) गरीबी रेखा से ऊपर वाले व्यक्तियों के राशन कार्ड रद्द किए जाने हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया; और

ग) गैर पीडीएस कार्ड धारकों को राशन का कोटा बढ़ाए जाने हेतु उठाए जाने वाले कदम?

**32. श्रीमति बंदना कुमारी** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) शालीमार बाग़ विधानसभा क्षेत्र के बस्ती विकास केंद्रों की जानकारी;

ख) क्या यह सत्य है कि इनका ठीक से उपयोग नहीं हो पा रहा है क्योंकि इन्हें अभी तक किसी एजेंसी को आवंटित नहीं किया गया है;

ग) क्या यह सत्य है कि रखरखाव और ठीक उपयोग न होने के कारण इनमें से अनेक अत्यंत खराब स्थिति में हैं;

घ) जिस उद्देश्य से इनका निर्माण किया गया था, उसके अनुसार इनका उपयोग न हो पाना क्या सरकारी धन की बरबादी नहीं है;

ङ) इन बस्ती विकास केंद्रों का ठीक से उपयोग हो, ताकि जनता इनका इस्तेमाल कर सके, इसके लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

च) शालीमार बाग़ विधानसभा क्षेत्र में सरकार की 'जहाँ झुग्गी वहीं मकान' योजना के क्रियान्वयन की मौजूदा स्थिति;

छ) उक्त योजना के अंतर्गत शालीमार बाग़ विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं का झुग्गी क्लस्टरवार विवरण;

ज) इस योजना को लागू करने में सामने आने वाली कठिनाईयाँ; और

झ) शालीमार बाग़ विधानसभा क्षेत्र में यह योजना पूरी तरह कब तक कार्यान्वित हो जाएगी?



**31. Shri Jai Bhagwan** **Food & Supplies**

Will the Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) Steps being taken by the government for verification of cards and increasing the number of rations cards;

b) Procedure adopted for cancellation of ration cards of people Above Poverty Line; and

c) Steps being taken to increase the quota of ration for None PDS card holders?

**32. Smt. Bandana Kumari** **DUSIB**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Details of the BastiVikasKendras in the Shalimar Bagh AC;

b) Whether it is a fact that these are not being properly utilized as they are yet to be allotted to any agencies;

c) Whether it is also a fact that many of these are in a very poor condition due to lack of maintenance and proper usage;

d) Whether isn't it a waste of the government funds not to utilize these for the purpose for which they were built;

e) What steps are being taken to ensure that these BastiVikasKendras are utilized properly so that the public are able to make use of it;

f) Status of implementation of the 'jahan jhuggi wahin makaan' policy of the Government in the Shalimar Bagh Constituency;

g) Jhuggi Cluster wise detail of the various projects under this policy in the Shalimar Bagh Constituency;

h) The obstacles being faced in implementation of this policy; and

i) By when this policy will be fully implemented in the Shalimar Bagh Constituency?

**33. श्री विजेंद्र गुप्ता** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में नए राशनकार्ड बनने और पुराने कार्डों का नवीनीकरण नहीं किया जा रहा है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि जिन लोगों ने अपने पुराने कार्ड नवीनीकरण हेतु जमा कराए थे, वे अब तक नवीकृत नहीं किए गए हैं;

ग) इसके क्या कारण हैं;

घ) रोहिणी निवासियों के गरीब लोगों के कितने कार्डों का नवीनीकरण किया गया है और कितने नए कार्ड जारी किए गए हैं;

ङ) क्या विभाग द्वारा राशनकार्डों में नए सदस्यों को जोड़ने का काम किया जा रहा है; और

च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**34. श्री राजकुमार आनंद** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय में एसी–24 से संबंधित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा राशनकार्डों के एफ०एस०ओ० के पास लंबित आवेदनों का विवरण;

ख) दिनांक 15.03.2022 तक की तिथि तक जिस वर्ष और महीने तक के आवेदन लंबित है, उनका विवरण;

ग) एसी–24 के खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी के पास लंबित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा राशनकार्डों के (रद्द किए गए) आवेदनों के पुनर्विचार के मामलों का विवरण;

घ) क्या राशनकार्ड के आवेदनों पर विचार की प्रक्रिया का आरंभ हो चुका है; और

ङ) यदि नहीं, तो यह प्रक्रिया कब तक आरंभ होगी?



**33. Shri Vijender Gupta** **Food & Supplies**

Will the Hon'ble Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) Whether it is a fact that new ration cards and renewal of ration cards is not being done in Delhi;

b) Whether it is also a fact that the cards of the people who had submitted their old cards for renewal has not been issued till date;

c) Reasons thereof:

d) How many cards of poor people have been renewed or new cards issued to the residents of Rohini;

e) Whether the department is making addition of new family members to the ration cards; and

f) If not, the reasons thereof?

**34. Shri Raaj Kumar Anand** **Food & Supplies**

Will the Hon'ble Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) Details of NFS ration card application pertaining to AC 24 pending with the FSO for the purpose of grant of ration cards;

b) Details of the month and year till which the applications are pending at present as on 15.03.2022;

c) Details of the NFS Ration Card reconsideration (of cancelled cards) applications pending at the FSO AC 24;

d) Whether the processing of applications for Ration Cards has commenced; and

e) If not, by when will the process commence?

**35. श्री सौरभ भारद्वाज** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र में डीयूएसआईबी शौचालयों का विवरण, जिसमें उनके पते, उनकी रखरखाव के लिए उत्तरदायी एजेंसी और प्रत्येक पर होने वाले वार्षिक खर्च का विवरण हो;

ख) चालू शौचालयों और खराब शौचालयों का विवरण;

ग) इन शौचालयों पर होने वाले खर्च का मदानुसार विवरण;

घ) पूरी दिल्ली में डीयूएसआईबी के कुल शौचालयों की संख्या, दिल्ली के सभी शौचालयों पर डीयूएसआईबी द्वारा किए जाने वाले खर्च का विधानसभावार विवरण;

ङ) क्या इन शौचालयों का रख–रखाव निविदा के द्वारा ठेके के आधार पर आवंटित किया गया है; और

च) यदि हाँ, तो जिन एजेंसियों को इन शौचालयों का आवंटन किया गया है, उनका विवरण, जिसमें प्रत्येक को आवंटित शौचालयों की संख्या व उन्हें किए गए भुगतान का विवरण भी हो?

**36. श्री अभय वर्मा** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) विकास मार्ग पर आरंभ कि गए फुटपाथ और नालियाँ बनाने, और सौंदर्यीकरण परियोजना को रोकने के क्या कारण हैं;

ख) क्या पूरी परियोजना को रोक दिया गया है अथवा जहाँ वृक्षों पर प्रभाव पड़ रहा है, उसको ही रोका गया है;

ग) क्या विकास मार्ग का क्षेत्र हरित क्षेत्र के अंतर्गत आता है;

घ) यदि हाँ, तो यहाँ पर मेन रोड, नाले, फुटपाथ, मेट्रो व अन्य वाणिज्यिक गतिविधियाँ कैसे संभव हुईं;

ङ) इन कामों को रोकने के कारण उत्पन्न धूल और प्रदूषण की समस्या के निराकरण के लिए उठाए जाने वाले कदम;



**35. Shri Saurabh Bharadwaj** **DUSIB**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Details of the DUSIB toilets in Greater Kailash AC along with their addresses, agency responsible for its maintenance and annual expense on each;

b) Details of the toilets which are functional and those which are not functional;

c) Head wise details of expenditure made on these toilets;

d) Total number of toilets of DUISIB in Delhi. Assembly Constituency wise details of the expenditure made by DUSIB on all of the toilets in Delhi;

e) Whether the maintenance of these toilets is allotted on contract basis through tender; and

f) If yes, the details of these agencies to whom the toilets have been allotted, the number of toilets with them, payment made to them?

**36. Shri Abhay Verma** **Environment**

Will the Hon'ble Minister of Environment and Forests be pleased to state:

a) Reasons for stopping the beautification project and construction of footpath and drains undertaken on Vikas Marg;

b) Whether the entire project has been stopped or only those areas where trees are being affected;

c) Whether the Vikas Marg area comes under the Green Belt area;

d) If yes, how did the main road, drains, footpath, metro and other commercial activities come up here;

e) Steps being taken to stop the problem of dust and pollution caused due to the stoppage of these works;

च) विभाग द्वारा इन कामों को रोकने के निर्णय के कारण यहाँ के निवासियों और दुकानदारों को होने वाली कठिनाइयों के समाधान के लिए उठाए जाने वाले कदम;

छ) इन कामों को रोके जाने के निर्णय के फलस्वरूप लोक निर्माण विभाग फुटपाथ और नालों की मरम्मत न किए जाने के कारण जिन लोगों के घरों में पानी भर जाता है, उनको राहत प्रदान करने के लिए उठाए जाने वाले कदम; और

ज) इस समस्या का समाधान कब तक होगा?

**37. श्री सोमनाथ भारती — खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र की उन राशन की दुकानों का विवरण उपलब्ध कराएँ जो विगत दस वर्षों के दौरान बंद कर दी गई थीं और जो एसी–43 में अब भी चल रही हैं, विवरण में दुकान के मालिक का नाम, उसका फोन नंबर, बंद किए जाने की तिथि व बंद किए जाने के कारणों का उल्लेख करें;

ख) वर्तमान में चल रही दुकानों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की सूची और उनपर की गई कार्रवाई की मौजूदा स्थिति से भी अवगत कराएँ;

ग) राशनकार्ड धारकों और सार्वजनिक वितरण प्रणाली से बाहर के जिन लोगों को दिल्ली सरकार द्वारा कोरोना महामारी के आरंभ होने के बाद अतिरिक्त निःशुल्क राशन प्रदान किया गया था, उनका विवरण, व यह सुविधा कब तक जारी रहेगी;

घ) ऐसे लाभार्थियों का विवरण, उनके नाम, पते, फोन नंबर तथा प्रदत्त मात्रा के साथ, उपलब्ध कराएँ;

ङ) राशन की दुकान को आपूर्ति करने वाले ट्रांस्पोर्टर के विरुद्ध मौजूदा कानूनों के अंतर्गत अथवा अपराधिक अभियोजन हेतु आपूर्तिकृत राशन में कितने प्रतिशत की कमी होनी चाहिए;

च) कम आपूर्ति प्राप्त करने वाले दुकानदार के पास इस संबंध में क्या निदान हैं; और



f) Steps being taken to provide relief to the residents and shopkeepers who are facing a lot of problems due to the decision of the department to stop these works;

g) Steps being taken to provide relief to the people whose houses have been flooded with water as the footpath and drains are not being repaired by PWD due to the decision to stop these works; and

h) By when will this problem be resolved?

**37. Shri Somnath Bharti — Food & Supplies**

Will the Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) Details of ration shops which were closed in the last ten years in Malviya Nagar AC and which are still operational in AC -43 along with the name and phone number of the owner and date of closure of such shops and reasons thereof;

b) Details of complaints received against the shops which are still operational and status thereof;

c) Details of the free additional ration which was provided by the Delhi Government to PDS and Non PDS card holders since the onset of corona and till when will the same continue;

d) Details of such beneficiaries with their name, address, phone number and quantity availed;

e) The quantity or percentage by which the stock should be deficient to prosecute transporter criminally or under other relevant laws;

f) What remedies does a ration shop owner have in case he is being supplied deficient quantity of stock; and

छ) यदि कोई ट्रांस्पोर्टर कम आपूर्ति करता है तो क्या जितनी मात्रा कम है, उसकी अतिरिक्त आपूर्ति करके इस कमी को सुधारा जा सकता है?

**38. श्री अजय महावर** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 31.03.2017 में यह निर्देश दिए हैं कि शराब की दुकानें राष्ट्रीय राजमार्ग के 500 मीटर के दायरे में नहीं खोली जानी चाहिए;

ख) क्या यह सत्य है कि इन निर्देशों के बावजूद दिल्ली में ऐसी अनेक दुकानें खोली गई हैं, जिनमें घोंडा विधानसभा क्षेत्र की 06 दुकाने भी सम्मिलित हैं;

ग) इन्हें कब तक बंद कर दिया जाएगा;

घ) क्या रेज़ीडेंट्स एसोसिएशनों और महिलाओं के विरोध को नज़रअंदाज़ करते हुए इन दुकानों को चलने दिया जा रहा है;

ङ) इन दुकानों को बंद कराने के लिए वह कौन–सी प्रक्रिया है, जिसे निवासी अपना सकते हैं;

च) उन गतिविधियों का विवरण जिनकी मास्टर प्लान 2021 मिक्स्ड यूज, रेगुलेशन चेप्टर 15 के अनुसार अनुमति दी गई है; और

छ) क्या शराब की ये दुकानें इन 'मिक्स्ड यूज़ रेगुलेशन' के अंतर्गत आती हैं?

**39. श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या विभाग को आर के पुरम विधानसभा क्षेत्र की क्लस्टर कॉलोनियों में क्षेत्रीय विधायक की ओर से लाइटों, पाइपों, दरवाज़ों, लैच आदि की मरम्मत हेतु अनुरोध प्राप्त हुए हैं; और

ख) इन कार्यो को कब तक पूरा कर लिया जाएगा?



g) If the transporter supplying the ration to the ration shop owner supplies the deficient ration subsequently, can the wrong committed of deficient supply be corrected by supplying the deficient supply ?

**38. Shri Ajay Mahawar** **Excise**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the Hon'ble Supreme Court had in its orders dated 31.03.2017 directed that liquor shops should not be opened within a radius of 500 Metres of National Highways;

b) Whether it is a fact that in spite of these directions, many such shops have been opened in Delhi including 6 shops in Ghonda AC;

c) By when will these be closed down;

d) Whether the protests of the Residents Association and women are being ignored while allowing these shops to run;

e) The procedure by which the residents can appeal to shut down these shops;

f) Details of the activities that are allowed to function as per Master Plan 2021 Mixed Use Regulation Chapter 15; and

g) Whether these liquor shops are covered under this Mixed Use Regulation?

**39. Smt. Pramila Dhiraj Tokas** **DUSIB**

Will the Hon'ble Minister of Urban Development be pleased to state:

a) Whether the Department has received requests from the Area MLA for repair works such as lights, pipes, doors, latches etc., to be undertaken in the Cluster Colonies of RK Puram AC; and

b) By when will these works be completed?

**40.** **श्री राजेश गुप्ता** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) राशनकार्ड धारकों को उचित दर दुकानों से पूरा राशन न मिलने के क्या कारण हैं; और

ख) दो वर्ष से भी अधिक समय से नए राशन कार्डों के लंबित रहने के क्या कारण हैं?

**राज कुमार**
**सचिव**



**40.** **Shri Rajesh Gupta** **Food & Supplies**

Will the Hon'ble Minister of Food and Supplies be pleased to state:

a) The reasons for the card holders not receiving full ration from the FPS shops; and

b) Reasons for new cards lying pending for more than two years?

**RAJ KUMAR**
**SECRETARY**

## विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## लिखित उत्तरों के लिए प्रश्नों की सूची

सोमवार, 28 मार्च, 2022 / 07 चैत्र, 1944 (शक)

**कुल प्रश्नः 65 – 145**

**65 श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि सीएम स्ट्रीट लाइट परियोजना के तहत प्रत्येक विधानसभा को 3000 लाइट देने का प्रावधान है;

ख) यदि हाँ, तो क्या विभाग इस बात से अवगत है कि हरी नगर विधान सभा में केवल 850 लाइट प्रदान की गई है और एलईडी लाइट्स का कार्य रुक गया है;

ग) सी. एम. स्ट्रीट लाइट परियोजना का कार्य पुनः कब प्रारम्भ होगा; और

घ) 2150 शेष बची हुई लाइट कब तक प्रदान की जाएगी?

**66 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) किसी भी सरकारी या गैर सरकारी जमीन पर मोबाइल टावर लगाने की संपूर्ण प्रक्रिया क्या है;

ख) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के वार्ड–76, 77, 78 में कितने मोबाइल टावर कार्यरत है, उनकी सूची उनके स्थान, परिचालक के नाम उपलब्ध कराए;

ग) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के वार्ड– 76, 77, 78 में कितने और मोबाइल टावर अभी लगाए जाने बाकी है, जो अभी प्रस्तावित है;

घ) मॉडल टाउन विधानसभा में विभिन्न टावर कंपनियों के माध्यम से सड़कों को काटने में कितना राजस्व प्राप्त हुआ है और इन सड़कों को कब तक रिपेयर कर दिया जाएगा;

ड़) जिन स्थानों पर मोबाइल टावर लगाए गए है, उन स्थानों से क्या कोई राजस्व प्राप्त होता है; और

च) यदि हाँ, तो कहां से और कितना राजस्व प्राप्त होता है? क्या इन स्थानों पर कार्यरत कर्मचारी सरकारी या गैर सरकारी है, इस संबंध में भी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं?

**67 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) विधानसभा क्षेत्र के वार्ड–76, 77, 78 के अंतर्गत अनियमित भवन निर्माण को नियमित करने से कितना राजस्व प्राप्त हुआ, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं;

ख) विधानसभा क्षेत्र के वार्ड–76, 77, 78 के अंतर्गत दिनांक 01.01.2015 से 31.12.2021 की अवधि के बीच उन संपत्तियों का विवरण उपलब्ध कराएं, जो बिल्डिंग बायलॉज/रूल्स के उल्लंघन, अतिक्रमण/अनाधिकृत निर्माण आदि के कारण सील की गई या गिराई गई;

ग) 2015 से अब तक वार्ड– 76, 77, 78 के अंतर्गत अभी तक कितने भवन बुक किए हैं, कितने सील किए गए हैं, कितने डिमोलिश/पूर्णतया डिमोलिश किए गए है, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं;

घ) 01 जनवरी 2015 से 31 दिसंबर 2021 तक उत्तरी दिल्ली नगर निगम के बिल्डिंग विभाग के लिए विधायक लेटर हैड या अन्य किसी और माध्यम से कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है, उनमें से कितनी शिकायतों का निवारण किया गया है, उन सभी शिकायतों एवं निवारणों का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं;

ड़) मॉडल टाउन विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सी–2/3, राणा प्रताप बाग एवं 3, भामाशाह मार्ग में बन चुके या निमार्णाधीन मकान, क्या एमसीडी के नियम के तहत बन रहे हैं; और



च) यदि नहीं, तो उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा इस संबंध में की गई कार्यवाई की पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाएं?

**68 श्री मोहन सिंह बिष्ट शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) करावल नगर के अंतर्गत कुल कितनी कालोनियां हैं तथा ये कालोनियां कब बसाई गईं; इनका विवरण बताएं;

ख) क्या यह भी सत्य है कि शहरी विकास विभाग द्वारा आज तक इस कार्य के लिए बजट की स्वीकृति नहीं दी गई;

ग) क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर की अधिकतर कालोनियों के एस्टीमेट, विभाग के पास लंबित है;

घ) यदि हाँ, तो इन कालोनियों के लिए बजट की स्वीकृति न दिए जाने के क्या कारण हैं;

ङ) क्या यह भी सत्य है कि डीएसआईडीसी, दिल्ली सरकार के एस्टीमेट शहरी विकास विभाग के पास आज तक बजट न देने के कारण लंबित पड़े हैं और सिंचाई एवं बाढ़ नियत्रण विभाग को 600 करोड़ रुपये का बजट देने के बाद भी करावल नगर में विकास के काम न होने के क्या कारण हैं; और

च) डीएसआईडीसी विभाग को बजट न देने के क्या कारण हैं?

**69 श्री अभय वर्मा शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र से सम्बन्धित एम0एस0पी0वाई0 योजना के लगभग 13.09 करोड़ रूपये के बीस आवेदन शहरी विकास विभाग में लम्बित है;

ख) यदि हाँ, तो इन आवेदनों पर माननीय मंत्री महोदय द्वारा स्वीकृति न दिये जाने के क्या कारण है;

ग) सभी बीस आवेदनों पर अब तक की गई कार्यवाई का पूर्ण विवरण उपलब्ध करवाएं;

घ) क्या यह सत्य है कि वित्त वर्ष 2021–22 में एम.एस.पी.वाई. योजना में 370 करोड़ रूपये बजट का प्रावधान किया गया था;

ड.) यदि हां, तो इस योजना के तहत कितनी धनराशि खर्च की गयी;

च) इस योजना में खर्च की गयी धनराशि में से रोहिणी विधान सभा क्षेत्र –13, बदरपुर विधान सभा क्षेत्र–53, लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र–58, विश्वास नगर विधान सभा क्षेत्र–59, गॉधी नगर विधान सभा क्षेत्र–61, रोहताश नगर विधान सभा क्षेत्र–64, घोंडा विधान सभा क्षेत्र–66 और करावल नगर विधान सभा क्षेत्र–70 में कितनी धनराशि खर्च की गयी है;

छ) उपरोक्त विधान सभा में एम.एस.पी.वाई. योजना के तहत वर्ष 2021–22 में क्या कोई कार्य आवंटित हुआ है; और

ज) यदि हां, तो विस्तृत जानकारी दें और यदि नहीं तो इसके क्या कारण है?

**70 श्री शिव चरण गोयल — शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) नजफगढ़ रोड जो जखीरा से राजा गार्डन चौक तक जाता है, उसकी चौड़ाई कितनी है;

ख) क्या यह सत्य है कि इस नजफगढ़ रोड पर अतिक्रमण भी हो रहा है;

ग) यदि हां, तो उसकी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए और इस अतिक्रमण को हटाने हेतु विभाग द्वारा क्या कार्य किए जा रहे हैं;

घ) क्या यह सत्य है कि मोती नगर लाल बत्ती चौक पर कार शोरूम मालिक द्वारा सरकारी जगह पर फेंस बनाकर अवैध रूप से गाड़ियां खड़ी की जाती है;

ड़) यदि हां, तो विभाग द्वारा इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है; और

च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?



**71 श्री शिव चरण गोयल — शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) एम.सी.डी. विभाग के तहत मोती नगर विधानसभा में कुल कितने पार्किंग स्थल आवंटित किए गए हैं उसकी पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जाये;

ख) इन जगहों पर किस तरह के वाहनों को पार्किंग की अनुमति है; और उनके लिए क्या शुल्क एवं समय निर्धारित किया गया है;

ग) क्या शारदापुरी बिशन सिंह स्कूल के सामने एम.सी.डी. विभाग ने कोई पार्किंग आवंटित की है; और

घ) यदि हाँ; तो क्या इस ज़मीन पर पशुपालन, ट्रकों की अवैध पार्किंग, टैंटों का कार्य करने और बिल्डिंग मटेरियल, आदि के रखरखाव की भी छूट दी गई है?

**72 श्री शिव चरण गोयल — शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) एमसीडी विभाग के तहत मोती नगर में कुल कितने बैंक्वेट हॉल है, पूरी जानकारी नाम और पते के साथ उपलब्ध करवाई जाए;

ख) मोती नगर विधानसभा में स्थित कुल कितने बैंक्वेट हॉलों के पास शराब के लाइसेंस है व इन बैंक्वेटो के शराब के लाइसेंस पाने के लिए क्या प्रक्रिया है; और

ग) इन बैंक्वेट हॉल्स में पानी की आपूर्ति कैसे की जाती है?

**73 श्री संजीव झा — शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) बुराड़ी मेन 100 फुटा रोड उत्तरी दिल्ली नगर निगम के अनुसार कमर्सियल अथवा गैर–कमर्सियल में से किस श्रेणी में आता है;

ख) क्या यह सत्य है कि मैन 100 फुटा रोड पर दुकानदारों को कमर्सियल श्रेणी के अन्तर्गत टैक्स के नोटिस भेजे जा रहे है;

ग) यदि हाँ, तो कितने दुकानदारों को नोटिस भेजे गये है, उसकी विस्तृत जानकारी दे; और

घ) अब तक टैक्स के रूप में कितनी धनराशि नगर निगम को प्राप्त हुई है?

**74 श्री संजीव झा** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) रिहायशी क्षेत्रों में मोबाइल टावर लगाने के लिए एनओसी किस विभाग से ली जाती है;

ख) बुराड़ी विधान सभा क्षेत्र में कौन–कौन से स्थानों पर मोबाइल टावर लगाये गये है;

ग) रिहायशी क्षेत्र में मोबाइल टावर की ऊंचाई/फ्रीक्वेन्सी आदि का क्या पैमाना है; और

घ) स्थानीय लोगों द्वारा मोबाइल टावर लगाये जाने के विरूद्ध अपनी शिकायत करने की क्या प्रक्रिया है, पूर्ण जानकारी दे?

**75 श्री संजीव झा** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) बुराड़ी विधान सभा के वार्ड संख्या 06, 07, 08, 09, 10 एवं 11 में उत्तरी दिल्ली नगर निगम के कुल कितने सफाई कर्मचारी नियुक्त हैं;

ख) इन सभी वार्डों में नियुक्त समस्त सफाई कर्मियों की विस्तृत जानकारी नाम, मोबाईल नंबर और पते सहित उपलब्ध करवाएं; और

ग) इन सभी वार्डों में नगर निगम के कितने माली, स्वास्थ्यकर्मी, बेलदार नियुक्त हैं, उनकी विस्तृत जानकारी नाम और पते सहित उपलब्ध करवाएं?



**76 श्री संजीव झा** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) बुराड़ी विधान सभा क्षेत्र में उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा किन–किन स्थानों पर कॉम्पेक्टर मशीनें लगाई गईं हैं;

ख) क्या यह सत्य है कि कॉम्पेक्टर मशीन लगाए जाने के पश्चात् उक्त स्थान के नजदीक कोई अन्य दूसरा ढलाव नहीं बनाया जा सकता है; और

ग) यदि हां, तो कॉम्पेक्टर मशीन लगाए जाने के पश्चात कितनी दूरी पर दूसरा ढलाव बनाया जा सकता है?

**77 श्री जय भगवान** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि बवाना विधानसभा के गांव व अनियमित कॉलोनियों में सीवर लाईन का कार्य शुरु किया जाना है; और

ख) यदि हां, तो यह कार्य कब तक शुरू हो जाएगा?

**78 श्री अनिल बाजपेयी** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) 2015 से लेकर आज तक दिल्ली की 70 विधानसभा क्षेत्रों में शहरी विकास विभाग द्वारा विधायक कोष से किस–किस मद से और किस–किस नोडल एजेंसी के माध्यम से कार्य कराये गये; और

ख) विधानसभावार पूर्ण विवरण दें?

**79 सुश्री भावना गौड़** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) पालम विधानसभा क्षेत्र में एमसीडी प्रापर्टी पर मोबाइल टावर लगाने की संपूर्ण प्रक्रिया क्या है;

ख) पालम विधान सभा के प्रत्येक वार्ड में कहां–कहां और किस अवधि में ये टावर लगे हैं, पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं;

ग) क्या यह सत्य है कि अभी कोई नया टावर भी लगाया जा रहा है; और

घ) यदि हां, तो पूर्ण विवरण दें?

**80 सुश्री भावना गौड़ शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या मुख्यमंत्री सड़क पुर्ननिर्माण योजना चालू है;

ख) यदि हां, तो 2020–21 में किस–किस विधान सभा में कितना फंड आवंटित किया गया, पूर्ण ब्यौरा दें;

ग) क्या यह फंड 2021–22 में भी आवंटित किया गया; और

घ) यदि हां, तो विधानसभावार आवंटित की गई राशि का पूर्ण विवरण दें?

**81 श्री जरनैल सिंह शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या शहरी विकास विभाग में किसी वित्तीय वर्ष में विधायक निधि में बची हुई राशि को अगले वर्ष में स्थानांतरित करने का प्रावधान है; और

ख) यदि हां, तो 2020–21 एवं 2021–22 में विधानसभावार पुराने से नए वर्ष में स्थानांतरित राशि का ब्यौरा दें?

ग) क्या शहरी विकास विभाग विधायक निधि से होने वाले कार्यों में असल निविदा राशि अनुमानित राशि से कम होने पर कार्य करने वाले विभाग से अतिरिक्त राशि वापिस लेता है;

घ) यदि हां, तो क्या यह वापिस ली गई राशि से संबंधित विधायक निधि की भरपाई की जाती है; और

ड.) यदि हां, तो प्रत्येक विधान सभा के लिए वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में इस प्रकार प्राप्त हुई राशि से विधायक निधि की भरपाई का ब्यौरा दें?



**82 श्री जितेन्द्र महाजन शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) शहरी विकास विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री सड़क योजना का 2021–22 का बजट क्या था;

ख) मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत विभिन्न सदस्यों द्वारा जमा किए गए प्रस्तावों की जानकारी विधानसभावार उपलब्ध कराएं;

ग) मुख्यमंत्री सड़क योजना के प्रस्तावों को स्वीकृत करने वाली एजेंसी/मंत्री/अधिकारियों की जानकारी उपलब्ध कराएं;

घ) मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत पास किए गए प्रस्तावों की जानकारी उपलब्ध कराएं और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को कितना–कितना बजट दिया गया, उसकी भी जानकारी दें; और

ड़) मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत प्रस्ताव स्वीकार करने के प्रावधानों की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए?

**83 श्री प्रवीण कुमार शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) विगत पांच वर्षों में बारापूला नाले की सफाई कितनी बार और कब–कब की गई है इससे संबंधित संपूर्ण जानकारी दस्तावेजों सहित दें; और

ख) बारापूला नाले की सफाई में विगत पांच वर्षों में कितना पैसा खर्च हुआ है इससे संबंधित संपूर्ण जानकारी दस्तावेजों सहित दें?

**84 श्री विजेन्द्र गुप्ता शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत सभी विधानसभा सदस्यों के पास किए गए प्रस्तावों की जानकारी दी जाए;

ख) मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत रोहिणी विधानसभा के लिए पास किए गए प्रस्तावों की जानकारी दी जाए; और

ग) मुख्यमंत्री सड़क योजना में अभी तक प्राप्त प्रस्तावों की संख्या से अवगत कराएं?

**85 श्री सोमनाथ भारती** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) एसी–43 क्षेत्र के मतदाताओं के वार्डवार अद्यतन आँकड़े उपलब्ध कराएं, वार्ड 61, 62 व 63 के अद्यतन एवं सटीक भौगोलिक मानचित्र उपलब्ध कराएँ;

ख) क्या पोलिंग बूथ संख्या 143, 144 व 145 को पुनः खिड़की गाँव में लाए जाने हेतु कोई आवेदन प्राप्त हुए हैं, ताकि इन बूथों में रहने वाले मतदाताओं का अधिकतम मतदान सुनिश्चित किया जा सके;

ग) वर्ष 2010 से पहले इन बूथों का पोलिंग स्टेशन कौन सा था तथा इन्हें क्यों हटाया गया;

घ) किसी पोलिंग स्टेशन को सरकारी भवन/निजी स्कूल/सामुदायिक केंद्र/कम्युनिटी हॉल, बारात घर, धार्मिक स्थानों अथवा अस्थाई ढाँचे में लगाने के क्या विकल्प (choices) हैं; क्या पोलिंग बूथ 143, 144 व 145 को खिड़की गाँव में उपलब्ध स्वर्ण पब्लिक स्कूल, वीमेन पॉलीटेक्निक में अथवा निरंकारी स्कूल (मालवीय नगर), खिड़की एक्स्टेंशन में बनाए जाने पर कोई रोक है;

ड.) क्या किसी एक वार्ड के पोलिंग स्टेशन को किसी अन्य वार्ड में नहीं बनाया जा सकता भले ही यह विकल्प वर्तमान स्थान की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक हो;

च) नगर निगम के चुनावों को, जिनकी घोषणा राज्य चुनाव आयुक्त द्वारा 9 मार्च, 2022 को की जानी थी, को टाले जाने के क्या कारण हैं, राज्य चुनाव आयुक्त के अनुसार टाले जाने का कारण उपराज्यपाल महोदय द्वारा भेजी गई एक सूचना है, इस सूचना की प्रतिलिपि उपलब्ध कराएं;

छ) क्या यह सत्य है कि नगर निगम चुनावों को टालने के उपराज्यपाल महोदय के निर्देश को अस्वीकार करने का अधिकार राज्य चुनाव को था, यदि नहीं तो एतद्संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराएँ;



ज) क्या यह सत्य है कि तीनों नगर निगमों के एकीकरण का काम नए पार्षदों के चुनाव के बाद भी हो सकता था;

झ) दिल्ली के तीनों नगर निगमों का एकीकरण करने के लिए दिल्ली विधानसभा, भारतीय संसद (लोकसभा/राज्यसभा) व अन्य किसी सरकारी निकाय/विभाग द्वारा क्या–क्या कदम उठाए जाने अपेक्षित होंगे; और

ञ) नगर निगम के चुनावों की अगली संभावित तिथियाँ क्या होंगी, क्या यह एकीकरण से पहले होंगे या बाद में होंगे?

**86 श्री सौरभ भारद्वाज** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दक्षिणी नगर निगम, पूर्वी नगर निगम व उत्तरी नगर निगम की कुल कितनी विज्ञापन कर राशि 01.01.2015 से 30.10.2021 तक की अवधि के लिए, सरकारी और गैर सरकारी एजेंसियों पर लंबित है, एजेंसी का नाम, कुल राशि, वर्तमान स्थिति और इस संबंध में की गई कार्यवाई सहित पूर्ण विवरण दें;

ख) दक्षिणी नगर निगम, पूर्वी नगर निगम व उत्तरी नगर निगम द्वारा जिन ठेकेदारों को दिनांक 01.01.2015 से 28.02.2022 तक की अवधि के लिए पार्किंग अनुबंध प्रदान किए गए थे, उन ठेकेदारों द्वारा देय धनराशि का विवरण प्रदान करें, जिसमें ठेकेदार का नाम, भुगतान की गई राशि, लंबित राशि, वर्तमान स्थिति, की गई कार्रवाई, अनुबंध के आरंभ की तिथि, अनुबंध के समाप्त हाने की तिथि व यदि कोई एक्सटेंशन दी गई हो तो उसका ब्यौरा भी दिया गया हो;

ग) उन ठेकेदारों का विवरण प्रदान करें जिन्हें दिनांक 1 मार्च 2019 से 28 फरवरी, 2022 तक की अवधि के लिए यूनीपोल्स, स्ट्रीट फर्नीचर, टॉयलेट ब्लॉक व तीनों नगर निगमों द्वारा स्वीकृत विज्ञापनों के अन्य स्थानों के लिए अनुबंध प्रदान किया गया है; इस विवरण में ठेकेदार का नाम, विज्ञापक का नाम, विज्ञापन के अनुबंध की प्रति, विज्ञापन के अनुबंध की अवधि, विज्ञापक द्वारा ठेकेदार को भुगतान की गई राशि का भी उल्लेख करें; और

घ) दिनांक 4 दिसंबर, 2020 को कितने विज्ञापन स्थलों पर अनुबंध हो चुका है और कितने स्थान आवंटित नहीं हुए हैं?

**87 श्री अजय दत्त** **शहरी विकास**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) आवंटित एमएलए लैड निधियों का उनमें से स्वीकृत की गई राशियों का वर्षवार विवरण प्रदान करें;

ख) वर्ष 2010 के बाद से, एसी–43 में एमएलए लैड निधियों में से जिन कामों की स्वीकृति हेतु अनुरोध किए गए हैं, उनकी संपूर्ण सूची व अनुरोध प्राप्त होने की तिथि, निधि स्वीकृति किए जाने की तिथि, संबंधित विधायक की ओर से 'समापन/संतुष्टि' प्रमाणपत्र प्राप्त होने के बाद निधियों को स्थानांतरित किए जाने की तिथि का विवरण प्रदान करें;

ग) आवेदन प्राप्त होने से लेकर भुगतान किए जाने तक की संपूर्ण प्रक्रिया का चरणवार विवरण व 'मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी)' की जानकारी भी दें;

घ) क्या यह सत्य है कि पूर्ववर्ती कार्यकाल के दौरान स्वीकृति परियोजनाओं को रद्द नहीं किया जा सकता और उनकी निधियों का प्रयोग नए कार्यकाल में नई परियोजनाओं के लिए नहीं किया जा सकता;

ङ) पूर्ववर्ती कार्यकाल के दौरान क्रियान्वित न हो सकीं परियोजनाओं की निधियों को विधानसभा क्षेत्र के नई विकास कार्यों के लिए किस प्रकार प्रयोग किया जा सकता है;

च) वर्ष 2014 के बाद से एसी–43 के अंतर्गत एमएलए लैड निधि व मुख्यमंत्री सड़क पुनर्निमाण योजना के तहत किए गए कार्यों का संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ;

छ) क्या एसडीएमसी को specific सड़कों/गलियों के पुर्ननिर्माण के लिए दी गई निधियों का प्रयोग उसी विधानसभा क्षेत्र में किन्हीं अन्य सड़कों/गलियों के लिए नहीं किया जा सकता; भले ही जाँच करने पर वे ठीक पाई गई हों, जबकि अन्य सड़कें और गलियाँ खराब स्थिति में हों;



ज) क्या चौपाल/सामुदायिक केंद्रों, बारात घरों/अन्य सामुदायिक सुविधाओं के निर्माण के लिए संबंधित नगर निगमों से बिल्डिंग सैंक्शन प्लान की स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है; और

झ) एक आदर्श सड़क के घटक क्या होते हैं, जैसे, सड़क के किनारे पटरी, उपयुक्त जल–निकासी प्रणाली, पैदलपथ, उचित दूरी पर प्रकाश, उचित दूरी पर बैंचें, पर्याप्त दूरी पर शौचालय, फुटओवर ब्रिज, रेनवाटर हारवेस्टिंग पिट, कचरा निष्पादन प्रणाली, उपयुक्त संकेत चिह्न, सीसीटीवी कैमरा, वाई–फाई हॉटस्पाट, हाई मास्ट फ्लैग, हाई मास्ट लाइटें आदि। इन आयामों पर सरकार की नीति क्या है?

**88 श्री विशेष रवि** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा लिखे गए पत्रों क्रमशः दिनांक 24.09.2021 संदर्भ 120149, दिनांक 13.8.21 संदर्भ 11977, दिनांक 18.10.21 संदर्भ 120359, दिनांक 17.9.21 संदर्भ 120089, दिनांक 18.10.21 संदर्भ 120330, दिनांक 18.10.21 संदर्भ 120324, दिनांक 18.10.21 संदर्भ 120298, दिनांक 18.10.21 संदर्भ 120331, दिनांक 18.10.21 संदर्भ 120299, दिनांक 24.09.21 संदर्भ 120125, दिनांक 02.09.21 संदर्भ 119991, दिनांक 12.10.21 संदर्भ 120301, दिनांक 10.03.21 संदर्भ 118608, दिनांक 03.02.21 संदर्भ 118063 पर आपके द्वारा उत्तर दिया गया था कि कार्य प्रगति पर है और इन कार्यों में विलंब के लिए कोई कर्मचारी उत्तरदायी नहीं है;

ख) इस संबंध में दो स्मरण–पत्र लिखे जाने के बाद भी इस संबंध में वर्तमान स्थिति से अवगत कराएं;

ग) इस संबंध विभाग द्वारा दिनांक 3.1.2022 से 15.3.22 के बीच क्या कदम उठाए गए हैं व इस कार्य को पूरा करने हेतु कितनी बैठकें की गईं; एतद्संबंधी कार्रवाई/बैठकों का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएँ; और

घ) इन कार्यों को कब तक पूरा कर लिया जाएगा और विलंब के लिए उत्तरदायी अधिकारी कौन हैं?

**89 श्री अभय वर्मा** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के डिविजन सी–09 में कौन–कौन से कार्य लंबित हैं; कार्यों की सूची पूर्ण विवरण के साथ दें;

ख) उपरोक्त सभी कार्य कब से शुरु किये जाएंगे और कब तक पूरा करने का लक्ष्य है;

ग) उपरोक्त कार्यों के निष्पादन के लिए कार्यरत अधिकारियों का विवरण उनके मोबाईल नंबर सहित दें;

घ) क्या लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में रेलवे कॉलोनी, सब्जीमंडी, झुग्गी मण्डावली, एसडीएम झुग्गी किशनकुंज और पीर मस्जिद झुग्गी रमेश पार्क को स्थानांतरित करने की दिल्ली सरकार की कोई योजना है;

ड.) यदि हां, तो यह योजना कब तक अमल में लाई जाएगी;

च) झुग्गी के बदले मकान योजना पूरी दिल्ली व लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में कब तक लागू की जाएगी; और

छ) मण्डावली के साकेत ब्लॉक और सेवा सदन को जोड़ने वाली सब्जी मंडी रोड पर स्थित 20 से 25 झुग्गियों को वहां से हटाने की सरकार की क्या योजना है; पूर्ण विवरण दें?

**90 श्री शिव चरण गोयल** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) मोती नगर विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने शौचालय और बस्ती विकास केन्द्र हैं, पूर्ण विवरण दे;

ख) क्या दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा मोती नगर विधान सभा में जनहित कार्य के लिए कोई जगह उपलब्ध है, यदि है तो पूरी जानकारी उपलब्ध करायें; और



ग) नजफगढ़ रोड पर मोती नगर लाल बत्ती से मिलन सिनेमा के लिए जो मोड़ मुड़ता है उस कार्नर पर डूसिब का जो प्लाट खाली पड़ा है, क्या उस पर विभाग द्वारा जनहित का कार्य करने हेतु कोई योजना है?

**91 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार द्वारा किसी वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के लिए कितनी–कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था; और

ख) इन धनराशियों में से अब तक किन–किन कार्यों पर कितनी–कितनी धनराशि खर्च हो चुकी है, विधानसभावार विवरण दें?

**92 सुश्री भावना गौड़** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पालम विधानसभा क्षेत्र में कितने शौचालय एवं बस्ती विकास केन्द्र हैं, पूर्ण विवरण दें;

ख) क्या यह बस्ती विकास केन्द्र जनहित कार्यों के लिए उपलब्ध है अथवा किसी एनजीओ को दिया गया है;

ग) यदि हां, तो नाम सहित पूर्ण विवरण दें तथा ये कब से चल रहे हैं;

घ) पालम विधानसभा में ड्यूसिब की कोई खाली जगह उपलब्ध है, यदि हां, तो योजना सहित पूर्ण विवरण दें; और

ड.) अप्रयुक्त और अनधिकृत रूप से अतिक्रमण की हुई संपत्ति का ब्यौरा दें?

**93 श्रीमती बंदना कुमारी** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि शालीमार बाग विधानसभा की झुग्गी–बस्तियों में बिजली के तार खतरनाक स्थिति में पड़े रहते हैं;

ख) यदि हाँ; तो इस समस्या के समाधान हेतु सरकार की क्या योजना है;

ग) इन बस्तियों में खतरनाक व गिरने की स्थिति में खड़े हुये पेड़ों को हटाने हेतु सरकार की क्या योजना है; और

घ) शालीमार बाग विधानसभा में 'जहां झुग्गी वहीं मकान' योजना के अन्तर्गत किन–किन झुग्गी क्लस्टर्स पर क्या–क्या कार्य हो रहे हैं, पूर्ण विवरण दें ?

**94 श्री जय भगवान डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) शाहबाद डेयरी 2002 में डिमोलिशन किए गए झुग्गी वालों को अलॉट किए गए प्लाट के कागज डीएस पीएस 1680 की पर्ची कब तक दिए जायेंगे;

ख) झुग्गी–झोपड़ी फाउंडेशन के कब्जे से बस्ती विकास केंद्र बी–ब्लॉक कब तक खाली कराया जाएगा;

ग) बवाना जे.जे. कॉलोनी, शाहबाद डेयरी में लोकल शॉपिंग सेंटर की जगह को लोगों के लिए कब तक अलॉट किया जायेगा;

घ) शाहबाद डेयरी ए ब्लॉक, सेक्टर–26 और सेक्टर–24 के सामुदायिक भवन कब तक बन कर तैयार हो जायेंगे; और

ड.) शाहबाद डेयरी बी ब्लॉक न्यू में बंद पड़ी सीटीसी पर मल्टीपरपज हॉल बनाने के लिए जगह का लैंड यूज कब तक चेंज हो जायेगा?

**95 श्री अनिल बाजपेयी डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) पूरी दिल्ली की 70 विधान सभा क्षेत्रों में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के कुल कितने समुदाय भवन हैं; पूर्ण जानकारी दें;

ख) पूरी दिल्ली के 70 विधान सभा क्षेत्रों में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के कुल कितने शौचालय हैं; उनके स्थान सहित पूर्ण जानकारी दें; और



ग) 2015 से लेकर आज तक दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा 70 विधान सभा क्षेत्रों में कौन–कौन से विकास कार्य किये गये हैं; विधान सभा वार जानकारी उपलब्ध करायें?

**96 श्री सुरेन्द्र कुमार डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गोकलपुर विधानसभा क्षेत्र में डूसिब विभाग की कितनी भूमि और कहां है; पते सहित ब्यौरा दें;

ख) गोकुलपुर विधानसभा में डूसिब विभाग द्वारा क्या–क्या कार्य किये जा रहे हैं; टेंडर की प्रतिलिपि सहित ब्यौरा दें; और

ग) गोकलपुर विधानसभा क्षेत्र में डूसिब विभाग द्वारा किये जाने वाले कितने कार्य लम्बित हैं, और कारण सहित पूर्ण ब्यौरा दें ?

**97 श्री जरनैल सिंह डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के अधीन आने वाली पूरी दिल्ली के पार्किंग स्थल और शादी क्षेत्र (मैरिज चंक्स) का ब्यौरा दें;

ख) क्या वर्तमान में इनमें से कोई भी पार्किंग स्थल या शादी क्षेत्र (मैरिज चंक्स) बिना किसी टेंडर के चल रहे हैं;

ग) क्या विभाग के पास अपने किसी भी पार्किंग स्थल या शादी क्षेत्र (मैरिज चंक्स) के बिना टेंडर के अवैध रूप से चलने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

घ) यदि हां, तो उन शिकायतों का और उन पर की गई कार्यवाही का विवरण दिया जाए;

ड.) क्या बिना किसी टेंडर के अवैध रूप से पार्किंग स्थल और शादी क्षेत्र (मैरिज चंक्स) को चलने देने से सरकारी खजाने को होने वाले नुकसान के लिए दोषी अधिकारियों की पहचान की गई हैं;

च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

छ) यदि हां, तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है, पूर्ण विवरण दें?

**98 श्री जितेन्द्र महाजन** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) रोहताश नगर विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा कितने सामुदायिक भवन, बस्ती विकास केन्द्र चलाए जा रहे हैं;

ख) इनका संचालन करने के लिए किन एनजीओ से अनुबंध किया गया है, इस अनुबंध की समयावधि सहित उनकी सूची दी जाए;

ग) इन एनजीओ को प्रतिवर्ष कितना भुगतान किया जा रहा है;

घ) रोहताश नगर विधानसभा क्षेत्र की किन–किन बस्तियों में डुसिब द्वारा कितने और कहां–कहां आधुनिक मोबाइल टॉयलेट ब्लॉक लगाए गए हैं;

ड़) किस कंपनी/एनजीओ द्वारा इनका रख रखाव किया जा रहा है, पूर्ण जानकारी दें;

च) क्या डुसिब द्वारा प्रतिवर्ष इन कंपनियों/एनजीओ को टॉयलेट का किराया/रख रखाव चार्ज दिया जा रहा है; और

छ) क्या इन टॉयलेट ब्लॉक पर काम करने वाले कर्मचारी डुसिब द्वारा नियुक्त किए गए हैं अथवा रख रखाव करने वाली कंपनी द्वारा रखे गए हैं, पूर्ण जानकारी दी जाए?

**99 श्री राजेश गुप्ता** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वजीरपुर विधान सभा क्षेत्र में शौचालयों की हालत खराब होने के क्या कारण हैं; और

ख) वजीरपुर विधान सभा क्षेत्र में शौचालयों की एजेंसी का टेंडर किसको मिला है, पूर्ण विवरण दें?



**100 श्री सोमनाथ भारती** **डीयूएसआईबी**

क्या माननीय शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में डीयूएसआईबी द्वारा मान्यताप्राप्त स्लम्स की जानकारी प्रदान करें, जिसमें झुग्गियों की संख्या व उनके स्वामित्व का विवरण सम्मिलित हो, इन स्लमों में किए गए सर्वेक्षणों की पूरी सूची भी उपलब्ध कराएँ;

ख) क्या झुग्गियों को आगे किसी और को भी बेचा जा सकता है;

ग) क्या सरकार की इन झुग्गीवासियों का 'जहाँ झुग्गी वहाँ मकान' अथवा किसी अन्य सरकारी योजना के अंतर्गत पुनर्वास करने की कोई योजना है; और यदि हाँ, तो झुग्गी के बदले में दिया गया यह आवास झुग्गी भूमि के मूल मालिक को दिया जाएगा या भिन्न–भिन्न मंज़िलों पर रहने वाले व्यक्तियों को, अलग–अलग दिया जाएगा;

घ) झुग्गियों के स्थान पर बहुमंज़िली भवन बनाए जा रहे हैं, क्या इसकी अनुमति है; यदि नहीं, तो इनको नियंत्रित करने वाला प्राधिकारी कौन है; क्या पुलिस/नगर निगम को झुग्गी के स्थान पर बन रहे बहुमंजिली घरों को नियंत्रित करने का अधिकार है;

ङ) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मान्यताप्राप्त स्लमों में एमएलएलैड निधि से किए जा रहे कार्यों का विवरण उपलब्ध कराएँ;

च) इंदिरा कैंप के बस्ती विकास केंद्र के वर्तमान अधिवासी का विवरण प्रदान करें, क्या बस्ती विकास केंद्र का कोई 'यूटिलिटी ऑडिट' किया गया है;

छ) बस्ती विकास केंद्र को किसी नए इच्छुक पक्ष को आवंटित किए जाने हेतु क्या मानक हैं, इस हेतु संपूर्ण 'मानक परिचालन प्रक्रिया' की जानकारी प्रदान करें; और

ज) एफ ब्लॉक गुरुद्वारा के पीछे बनी हुई झुग्गियों की स्थिति क्या है, क्या वे किसी कानून के तहत संरक्षित हैं, यदि नहीं तो उनका भविष्य निर्धारित करने का अधिकार किसे है?

झ) क्या इन झुग्गियों का कोई सर्वे किया गया है यदि हां, तो इसका पूर्ण विवरण प्रदान करें?

**101 श्री जय भगवान** **सहकारिता**

क्या माननीय सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) बवाना विधानसभा के अलग–अलग गांव में पॉकेट, सोसायटी की खाली जगह को जनहित के कार्य हेतु इस्तेमाल करने के लिए सरकार की क्या योजना है; और

ख) क्या बंद पड़ी को–ऑपरेटिव सोसायटी की जगह को बैंक खोलने, बच्चों के लिए लाईब्रेरी तथा छोटे बच्चों के लिए स्कूल खोलने इत्यादि कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है?

**102 श्री सौरभ भारद्वाज** **सहकारिता**

क्या माननीय सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक का एनपीए लगभग 47 प्रतिशत हो गया है;

ख) यदि हॉ, तो विभाग द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई;

ग) क्या यह सत्य है कि दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक का कुल घाटा लगभग 15 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है;

घ) यदि हॉ, तो विभाग द्वारा पब्लिक के पैसे को बचाने के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है;

ङ) क्या यह सत्य है कि विभाग में U/S 66(2), 118, 121 एवं 91 के काफी केस लंबित हैं;

च) यदि हॉ, तो सभी की सूची प्रदान की जाए एवं ठोस कार्रवाई ना होने के कारण बताए जाएं एवं दोषी अधिकारियों की सूची प्रदान करें;

छ) क्या यह सत्य है कि विभाग में टी/सी सोसाइटी को रजिस्टर्ड कराने के नाम पर व्यापक भ्रष्टाचार है; और



ज) दिसंबर 2021 से अब तक कितनी सोसाइटी रजिस्टर्ड हुई एवं कितनी रिजेक्ट हुई एवं कितनी बाकी हैं सभी की सूची प्रदान की जाए?

**103 श्री प्रवीण कुमार** **सहकारिता**

क्या माननीय सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, दिल्ली के कितने वर्तमान एवं निवर्तमान निदेशकों एवं उनके परिवार के विभिन्न सदस्यों के विरूद्ध विभिन्न गम्भीर अनियमितताओ, जालसाजी, धोखाधड़ी व अन्य अपराधिक मामलों के चलते दिल्ली पुलिस ने संज्ञान लेते हुए विभिन्न अपराधिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है;

ख) पंजीयक सहकारिता समिति ने इस प्रकार के गम्भीर मामलों में अपने कर्तव्यों का निवर्हन करते हुए अपने विभाग की तरफ से क्या कार्यवाही की है; और

ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**104 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मॉडल टाउन विधानसभा में नई आबकारी नीति से पहले कहां–कहां पर कितने ठेके थे, और नई आबकारी नीति के बाद अब कितनी दुकाने कहां–कहां पर खोली गई, उन सब दुकानों के स्थानों के साथ उनके मालिक/प्रबंधक/मैनेजर के नाम सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं;

ख) मॉडल टाउन विधानसभा में शराब के कितने गोदाम कहां–कहां पर है, उनका पता, संचालनकर्ता की पूरी जानकारी नाम एवं मोबाइल नंबर के साथ एवं लाइसेंस की कापी सहित उपलब्ध कराए;

ग) मॉडल टाउन विधानसभा में कितने नाईट क्लब, रेस्टोरेंट, बैंकट हॉल और बार में कितने लाइसेंस दिए गए हैं, इनको जो लाइसेंस दिए गए हैं उन लाइसेंस की जारी एवं समाप्त होने की तिथि सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं; और

घ) मॉडल टाउन विधानसभा में आबकारी विभाग के कितने इंस्पेक्टर या अधिनस्थ एवं अवर अधिकारी कार्यरत है, उनके नाम, पद एवं मोबाइल नंबर सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं?

**105 श्री मोहन सिंह बिष्ट** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में वार्ड अनुसार शराब के ठेके खोले गए हैं;

ख) यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर विधान सभा के अंतर्गत सोनिया विहार प्लांट के लिए जा रही पाइप लाइन के उपर एक शराब का ठेका खोला गया है;

ग) यदि हां, तो क्या दिल्ली जल बोर्ड द्वारा उस शराब के ठेके को तोड़ने के लिए नोटिस दिया गया है;

घ) यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि दिल्ली सरकार द्वारा उस बिल्डिंग को तोड़ा नहीं गया और वहां पर शराब का ठेका खोला गया है;

ड.) क्या सरकार ऐसे शराब के ठेके को स्थानांतरित करेगी; और

च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**106 श्री अभय वर्मा** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 1998, वर्ष 2003, वर्ष 2010 तथा वर्ष 2020 में शराब की कुल कितनी अधिकृत दुकानें थी और मार्च 2022 में शराब की कुल कितनी दुकानें हैं;

ख) वित्त वर्ष 2021—2022 में दिल्ली सरकार को आबकारी कर के रुप में कुल कितना राजस्व की प्राप्ति हुई;

ग) एक विधान सभा क्षेत्र व एक निगम वार्ड में अधिक से अधिक कुल कितनी शराब की दुकानें खोली जा सकती हैं;



घ) ऐसे कौन—कौन से स्थान हैं, जिनसे एक न्यूनतम दूरी तक शराब की दुकानें नहीं खोली जा सकती हैं और यह न्यूनतम दूरी कितनी रखी गयी हैं;

ड.) क्या आवासीय कल्याण समितियों, क्षेत्रीय विधायकों एवं निगम पार्षदों के आपत्ति एवं विरोध के बावजूद उनके क्षेत्र में शराब की दुकानें खोली जा सकती हैं;

च) जिन शराब के ठेकों पर रोड के बाहर लम्बी लाइन लगने के कारण क्या कार्यवाई की जा रही है और अब तक कितने ठेकों पर कार्यवाही हुई हैं; और

छ) ठेका को लेकर पब्लिक की शिकायत कहां पर की जा सकती हैं और इसकी क्या प्रक्रिया है, शिकायत निवारण हेतु संबंधित हेल्पलाइन नंबर व अधिकारी का पूर्ण विवरण दें?

**107 श्री ओम प्रकाश शर्मा** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में वर्ष 1998, वर्ष 2003, वर्ष 2010 तथा वर्ष 2020 शराब की कुल कितनी अधिकृत दुकानें थी और अब मार्च 2022 में शराब की कुल कितनी दुकानें हैं;

ख) वित्त वर्ष 2021—2022 में दिल्ली सरकार को आबकारी कर के रूप में कुल कितना राजस्व की प्राप्ति हुई;

ग) एक विधानसभा क्षेत्र व एक निगम वार्ड में अधिक से अधिक कुल कितनी शराब की दुकानें खोली जा सकती है;

घ) ऐसे कौन—कौन से स्थान है, जिनसे एक न्यूनतम दूरी तक शराब की दुकानें नहीं खोली जा सकती है, और ये न्यूनतम दूरी कितनी रखी गई है; और

ड़) क्या आवासीय कल्याण समितियों, क्षेत्रीय विधायकों एवं निगम पार्षदों के आपत्ति एवं विरोध के बावजूद उनके क्षेत्र में शराब की दुकानें खोली जा सकती है?

**108 श्री शिव चरण गोयल** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में कुल कितनी शराब की दुकाने हैं;

ख) मोती नगर विधानसभा के अंतर्गत कितनी शराब की दुकाने आती है, पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जाए; और

ग) शराब वितरण का इनका मापदंड क्या है?

**109 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति के तहत दिल्ली के होटलों, बैंक्वट हाल, रेस्टोरेंट–बार एवं क्लबों आदि में शराब परोसने हेतु आबकारी विभाग द्वारा अभी तक कितने–कितने लाइसेंस जारी किए गए हैं;

ख) दिल्ली के 272 नगर निगम वार्डों के अन्तर्गत वार्ड अनुसार कितने–कितने एवं किन–किन स्थानों पर शराब के नए ठेके खोले गए;

ग) अभी जिन वार्डों में शराब के नए ठेके नहीं खोले गए हैं क्या वहां भी शराब के नए ठेके खोलने की योजना है; और

घ) दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली में नई आबकारी नीति लागू किए जाने के बाद से अब तक दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग को कुल कितनी आय हुई है, पूर्ण विवरण दें?

**110 श्रीमती बन्दना कुमारी** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि शालीमार बाग विधानसभा के शालीमार बाग में अनेक अवैध शराब की दुकानें चल रही हैं;

ख) यदि हाँ; तो क्या यह भी सत्य है कि स्थानीय विधायक के बार–बार शिकायत करने के बावजूद इनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है;



ग) यदि हाँ; तो इसके क्या कारण हैं; और

घ) इन अवैध शराब की दुकानों को कब तक बन्द कर दिया जायेगा ?

**111 श्री जरनैल सिंह** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या दिल्ली में एक्साइज विभाग द्वारा नई एक्साइज नीति लागू की गई है;

ख) यदि हॉ तो इस नई एक्साइज नीति की विस्तृत जानकारी दी जाए;

ग) इस एक्साइज नीति के तहत किसी भी नगर निगम वार्ड में अधिकतम कितनी शराब की दुकानें खोलने का प्रावधान है;

घ) दिल्ली के तिलक नगर विधान सभा क्षेत्र में नगर निगम वार्ड 13-S में कितनी शराब की दुकानें खोली जा चुकी हैं;

ड0) क्या एक्साइज विभाग को इनमें से किसी शराब की दुकान से स्थानीय निवासियों को होने वाली परेशानियों से सम्बन्धित शिकायतें मिली हैं; और

च) यदि हॉ, तो विभाग ने उन शिकायतों को दूर करने के लिए क्या कदम उठाये हैं?

**112 श्री जितेन्द्र महाजन** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) पिछले 5 वर्षों में सरकार द्वारा कितने लीटर अवैध शराब पकड़ी गई है;

ख) पिछले 5 वर्षों में पकड़ी गई शराब का बाजार मूल्य क्या था;

ग) पिछले 5 वर्षों में पकड़ी गई शराब में स्पिरिट की मात्रा कितनी थी;

घ) नई शराब नीति के अंतर्गत खोले गए ठेकों के विरोध में स्थानीय जनता द्वारा कितनी शिकायतें आबकारी विभाग को प्राप्त हुई;

ड.) आबकारी विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई; और

च) शराब के विक्रेताओं द्वारा प्रमोशन स्कीम चलाने पर आबकारी विभाग द्वारा कितनी दुकानों के खिलाफ कार्यवाही की गई?

**113 श्री विजेंद्र गुप्ता** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) नई शराब नीति के अंतर्गत खोले गए नए ठेकों के विरोध में क्षेत्रीय निवासीगणों या अन्य लोगों द्वारा कितनी शिकायतें विभाग को प्राप्त हुई, पूर्ण विवरण दें;

ख) विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गयी; और

ग) विक्रेताओं को लुभाने के लिए मुफ़्त शराब का व्यय विभाग द्वारा कैसे वहन किया जा रहा है, पूर्ण विवरण दें?

**114 श्री सोमनाथ भारती** **आबकारी**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली सरकार की आबकारी नीति की पूर्ण प्रतिलिपि प्रदान करें;

ख) एसी–43 विधानसभा क्षेत्र में खोली जा चुकी और खोली जाने वाली प्रस्तावित शराब की दुकानों की सूची उपलब्ध कराएँ, साथ ही, बंद हो चुकी शराब की दुकानों की सूची उपलब्ध कराएँ;

ग) खोली जा चुकी अथवा प्रस्तावित रूप से खुलने वाली दुकानों के विरुद्ध जनता से प्राप्त आपत्तियों की सूची, व उन आपत्तियों के संदर्भ में किए गए निर्णयों की जानकारी प्रदान करें;

घ) क्या यह सत्य है कि कोई भी शराब की दुकान अब दिल्ली सरकार के स्वामित्व में नहीं है;

ङ) दिल्ली में कितनी जनसंख्या पर एक शराब की दुकान है और गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, ग़ाज़ियाबाद, मुंबई, चेन्नई, बैंगुलुरू व कोलकाता में जनसंख्या व शराब की दुकान का यह अनुपात क्या है;



च) दिल्ली सरकार की वर्तमान आबकारी नीति से पहले दिल्ली में शराब की दुकानों की भौगोलिक प्रतिष्ठापन (Placing) वार्डवार क्या थी तथा नई नीति के लागू होने के बाद वार्डवार शराब की दुकानों की संख्या का विवरण क्या है;

छ) क्या यह सत्य है कि दिल्ली का मास्टर प्लान आवासीय कॉलोनी के समीप स्थित 'व्यावसायिक सड़कों' पर शराब की दुकान खोलने में बाधक नहीं है; और

ज) क्या यह सत्य है कि यदि दिल्ली के मास्टर प्लान में यह प्रावधान सम्मिलित कर दिया जाए कि आवासीय क्षेत्रों में या उनके समीप की व्यावसायिक/मिश्रभूमि सड़कों अथवा आवासीय क्षेत्र के 50 मीटर की परिधि में शराब की दुकान तथा समान प्रकृति का व्यावसायिक प्रतिष्ठान नहीं खोला जा सकता, तो दिल्ली सरकार से शराब की दुकान के लिए लाइसेंस प्राप्त करने वाला कोई भी व्यक्ति इन स्थानों पर शराब की दुकान नहीं खोल सकेगा?

**115 श्रीमती प्रोमिला धीरज टोकस** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) आर0के0पुरम सर्किल में 2019 से अभी तक जमा किये गये राशन कार्ड आवेदकों की सूची दे, और

ख) उनकी मौजूदा स्थिति FIFO नम्बर व आवेदकों की अन्य सभी जानकारियॅा प्रदान करें?

**116 श्री ओम प्रकाश शर्मा** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि विश्वास नगर विधान सभा क्षेत्र में तथा दिल्ली के अन्य सभी विधान सभा क्षेत्रों में नये राशन कार्ड नहीं बनाये जा रहे हैं; और

ख) यदि हां, तो नये राशन कार्ड बनाये जाने की प्रक्रिया कब से शुरू कर दी जाएगी?

**117 श्री मोहन सिंह बिष्ट** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि 2014–15 से आज तक जिन लोगों ने राशन कार्ड बनाने के लिए अपने पुराने राशन कार्ड या आवेदन विभाग के पास जमा किए गए हैं; उनका नवीनीकरण आज तक नहीं किया जा रहा है;

ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

ग) क्या यह भी सत्य है कि राशन कार्ड बनाते समय जो यूनिट पुराने कार्ड में दिए गए थे; उनको कम करके कई लोगों के राशन कार्ड बनाए गए;

घ) यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि आज तक उनकी यूनिट राशन कार्ड में नहीं जोड़ा जा रहा है;

ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

च) क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत अधिकतर गरीब लोगों के राशन कार्डों का नवीनीकरण तथा नये राशन कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं?

**118 श्री अजय महावर** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली में कुल कितने राशनकार्ड धारक हैं और उनमें से घोण्डा विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने राशनकार्ड धारक है;

ख) दिल्ली और घोंडा विधानसभा में कब से नये राशनकार्ड नहीं बन रहे हैं; और

ग) दिल्ली की गरीब जनता के लिए नए राशनकार्ड कब से पुनः बनने शुरू होंगे?



**119 श्री अभय वर्मा** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने राशनकार्डधारी हैं और कितने–कितने युनिट राशन का वितरण किया जा रहा है;

ख) लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2017 से अब तक कुल कितने लोगों ने अपने नये राशनकार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया है, कितने लोगों को नये राशनकार्ड बनाकर दे दिये गए हैं और कितने आवेदन विभाग में अभी तक लंबित हैं;

ग) क्या दिल्ली में दिल्ली सरकार द्वारा 'एक राष्ट्र–एक राशन कार्ड' योजना लागू की गई है;

घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

ङ) इस योजना से दिल्ली सरकार व दिल्ली की जनता को क्या–क्या नुकसान है;

च) क्या कोई व्यक्ति अपने राशन कार्ड से उसी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी राशन दुकान से राशन ले सकता है; और

छ) यदि हॉ, तो राशन दुकानदार द्वारा राशनकार्डधारी को राशन न देने पर दुकानदार के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है?

ज) क्या राशन दुकान पर विजिलेंस कमेटी की बोर्ड लगायी जाती है, यदि हां, तो जो दुकानदार बोर्ड नहीं लगाता है, तो उसके विरूद्ध क्या कार्यवाई की जाती है;

झ) जो राशन दिल्ली की जनता को दिया जाता है, उसके लिए दिल्ली सरकार द्वारा कितना खर्च किया जाता है;

ञ) क्या यह सत्य है कि दिल्ली की जनता को दिया जाने वाला राशन दिल्ली सरकार को केन्द्र सरकार से मिलता है?

**120 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) विभिन्न श्रेणियों में नये राशन कार्ड बनवाने के लिए वर्ष 2015 से अब तक कितने लोगों ने आवेदन किया है; और

ख) इन आवेदकों में से कितने लोगों को, किन–किन श्रेणियों में राशन कार्ड जारी कर दिए गए हैं तथा कितने आवेदनकर्ताओं के राशन कार्ड पेंडिंग है,

ग) विधानसभावार विवरण दें?

**121 श्री संजीव झा** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा पिछले दो साल में कुल कितने कार्ड बनाये गये हैं, सभी विधानसभा क्षेत्रवार विवरण दें;

ख) विधानसभावार रद्द हुए राशन कार्ड की संख्या कितनी है; और

ग) विधानसभावार राशन कार्ड में नाम जोड़ने/काटने के कितने आवेदन विभाग के पास लम्बित है ?

**122 सुश्री भावना गौड़** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) पालम विधान सभा में कितने राशन कार्ड वितरित किए गए हैं तथा कितने प्रतीक्षा सूची में है;

ख) पालम विधान सभा के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में कितनी–कितनी राशन की दुकानें हैं तथा उन पर कितने–कितने राशन कार्ड पंजीकृत हैं; जानकारी दें;

ग) क्या यह सत्य है कि पालम विधान सभा में कोरोना पीरियड के दौरान राशन वितरण में बहुत सारी खामियां पाईं गईं;

घ) यदि हां, तो वो खामियां क्या हैं तथा उन पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई;

ड.) क्या यह सत्य है कि केन्द्र सरकार के द्वारा कोरोना पीरियड में मिलने वाले राशन को दुकानदारों ने ग्राहकों को ना देकर बाहर बेच दिया; और

च) यदि हां, तो ऐसे दुकानदारों की सूची उपलब्ध कराएं?



**123 श्री अनिल वाजपेयी** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली की 70 विधानसभा क्षेत्रों में कितने राशनकार्ड धारक हैं, विधानसभावार जानकारी उपलब्ध करायें; और

ख) प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कितने–कितने लोगों के नाम काटे गये हैं, प्रत्येक विधानसभावार पूरी जानकारी नाम और पता सहित उपलब्ध करायें ?

**124 श्री जरनैल सिंह** **खाद्य एवं आपूर्ति**

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या खाद्य संरक्षण विभाग को वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में उपभोक्ताओं द्वारा किसी व्यवसायिक प्रतिष्ठान के विरूद्ध नकली अथवा निम्न गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों की आपूर्ति की शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

ख) यदि हां, तो उन शिकायतों पर की गई कार्यवाही का ब्यौरा दें;

ग) क्या खाद्य सरंक्षण विभाग द्वारा नकली और निम्न गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों के विरूद्ध शिकायत करने के लिए उपभोक्ताओं को कोई हेल्प लाइन नंबर या ईमेल आईडी जारी किया है; और

घ) यदि हां, तो उस हेल्प लाइन नंबर या ईमेल आईडी को उपभोक्ताओं के संज्ञान में लाने/प्रचलित करने के लिए क्या कदम उठाये गए हैं?

**125 श्री अजय महावर** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) भूमि का पानी पार्कों की सिंचाई के उपरांत भूमि में ही समाहित हो जाने के बावजूद भूमिगत सबमर्सिबल बन्द किये जाने के क्या कारण हैं; इन सबमर्सिबल को पुनः खोलने की क्या प्रक्रिया है;

ख) दिल्ली में कितने एन्टी स्मॉग टावर और स्मॉग गन लगाये गए हैं तथा इसमें से घोंडा विधानसभा में कितने लगे हैं;

ग) घोंडा विधानसभा में और कितनी स्मॉग गन लगेगी और कब तक लगेगी;

घ) दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली को प्रदुषण मुक्त करने और अन्य राज्यों में पराली जलाने पर रोक लगाने हेतु क्या उपाए किए गए;

ड़) दिल्ली सरकार द्वारा यमुना को कब तक स्वच्छ व प्रदुषण मुक्त कर दिया जायेगा; और

च) घोंडा विधानसभा के यमुना खादर वन में कौन–कौन से और कितने वन्य जीव हैं, पूर्ण जानकारी दें?

**126 श्री ओम प्रकाश शर्मा** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वर्ष 2022 में दिल्ली वासियों को निरंतर बढ़ते प्रदूषण से बचाने के लिए दिल्ली सरकार क्या–क्या नए कदम उठा रही है;

ख) ऐसे कौन–कौन से कदम हैं जिसकी घोषणा प्रदूषण को रोकने के लिए वर्ष 2021 में की गयी थी और उसे वर्ष 2022 में क्रियान्वयन किया जाना है;

ग) क्या प्रदूषण का एक महत्वपूर्ण कारण बसों से निकलने वाला धुआं और टूटी–फूटी सड़कों से निकलने वाली धूल है; और

घ) यदि हां, तो सरकार इसके लिए क्या कदम उठा रही है?

**127 श्री प्रकाश जारवाल** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) देवली विधानसभा क्षेत्र, एसी–45 में कुल वनभूमि का विवरण (माप एवं स्थान) प्रदान करें;

ख) सैनिक फार्म क्षेत्र में निजी पक्ष द्वारा अतिक्रमित वन भूमि का विवरण प्रदान करें;

ग) इस प्रकार के अतिक्रमणों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का संपूर्ण विवरण प्रदान करें;



घ) बांध रोड (संगम विहार, देवली विधानसभा क्षेत्र) पर वन भूमि का विवरण, उसका माप सहित प्रदान करें व यह भी सूचित करें कि इसकी चारदीवारी बनाकर इसे पार्क के रूप में विकसित करने की योजना कब तक कार्यान्वित होगी?

**128 श्री अजय दत्त** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) अम्बेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र के हौजरानी सिटी फोरेस्ट पार्क में पिछले तीन सालों में किन–किन मदों में कितनी धनराशि से क्या–क्या कार्य पूर्ण हो चुके है, कितने अभी बाकी है और कितने अभी प्रगति पर है;

ख) अम्बेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र के होजरानी सिटी फोरेस्ट पार्क में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों (सरकारी एवं संविदा पर) का पूर्ण विवरण नाम, पदनाम एवं मोबाईल नंबर सहित उपलब्ध कराया जाए;

ग) अम्बेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र के होजरानी सिटी फोरेस्ट पार्क के कितने प्रतिशत हिस्से में फार्मिंग की जाती है एवं कितने प्रतिशत हिस्से में नर्सरी लगाई गई है;

घ) होजरानी सिटी फोरेस्ट पार्क में आगामी वर्षों में क्या–क्या कार्य होना अभी बाकी है, उसका कितनी धनराशि के साथ एस्टीमेट/ बजट पास किया गया है और इन कार्यों को पूर्ण कर लिए जाने की सम्भावित तिथि क्या है, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराए; और

ङ) हौजरानी सिटी फोरेस्ट पार्क में वन्य जीवों पर पिछले तीन सालों में कितनी धनराशि किन–किन मदों पर खर्च की गई, पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया जाए?

**129 श्री अनिल बाजपेयी** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली में वन विभाग के कितने पार्क हैं; उसकी पूरी सूची उपलब्ध कराई जाए;

ख) गांधी नगर विधान सभा क्षेत्र में वन विभाग के शास्त्री पार्क के सौन्दर्यीकरण में कितनी धन राशि खर्च की गयी और किए गए विकास कार्यों का पूर्ण विवरण दें; और

ग) इस पार्क का उद्घाटन कब किया गया या किया जाएगा तथा यह पार्क जनता को कब समर्पित कर दिया जाएगा; इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध करवायी जाए?

**130 श्री सुरेन्द्र कुमार** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) गोकल पुर विधान सभा क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से कितनी फैक्ट्रियॉ चल रही है, पूर्ण विवरण दे;

ख) क्या यह सत्य है कि गोकल पुर विधान सभा क्षेत्र में प्रदूषण करने वाली फैक्ट्रियॉ चल रही है;

ग) यदि हॉ, तो कितनी और उन पर अभी तक कार्रवाई नहीं करने के क्या कारण है;

घ) गोकल पुर विधान सभा क्षेत्र में सरकार द्वारा प्राप्त लाइसेन्स से चलने वाले अधिकृत उद्योगों का नाम, फोन नम्बर एवं पते सहित ब्यौरा दे;

ड) गोकल पुर विधान सभा क्षेत्र में हरित क्षेत्र को बढ़ाने की सरकार की क्या योजना है, पूर्ण विवरण दे; और

च) गोकल पुर विधान सभा क्षेत्र में डस्ट प्रदूषण को देखते हुए स्मॉग टावर लगाने की सरकार की कोई योजना है, यदि हॉ तो पूर्ण विवरण दें?

**131 श्री सोमनाथ भारती** **पर्यावरण**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) वृक्षों की छँटाई/कटाई से संबंधित, दिल्ली में प्रभावी अद्यतन नीति/अधिनियम/ नियम/उपनियम की जानकारी प्रदान करें;



किसी विभाग अथवा व्यक्ति विशेष द्वारा वृक्ष की छँटाई/कटाई की अनुमति हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की सरल भाषा में जानकारी दें;

ख) एससी–43 क्षेत्र में फरवरी, 2020 के बाद से, वृक्षों की छँटाई/कटाई हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची व तत्ससंबंधी कार्रवाई की वर्तमान स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराएँ;

ग) वृक्षों की छँटाई/कटाई की अनुमति प्रदान करने से पूर्व विभाग क्या कदम उठाता है, व क्या विभाग प्रदान की गई अनुमति के संबंध में यह जानने के लिए कोई जाँच भी करता है कि वृक्षों की छँटाई/कटाई प्रदत्त अनुमति के अनुरूप की गई है या नहीं;

घ) यदि हाँ, तो फरवरी 2020 के बाद से कितने मामलों में यह पाया गया है कि वृक्ष की छँटाई/कटाई में प्रदत्त अनुमति का उल्लंघन हुआ है तथा ऐसे उल्लंघनों से बचने हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

ङ) दिल्ली में तथा संभव हो तो, एससी–43 में हरितक्षेत्र में वर्षवार होने वाली वृद्धि के आँकड़े प्रदान करें, क्या मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में वन कानूनों के अंतर्गत विभाग द्वारा कोई वनभूमि विधिवत संरक्षित की गई है;

च) क्या विभाग को दिविप्रा की ओर से हौज़खास गाँव के पीछे से आरके पुरम की ओर वनक्षेत्र से गुज़रने वाली सड़क निर्माण का कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है, यदि हाँ, तो उसकी क्या स्थिति है;

छ) दिल्ली में संरक्षित वन्यजीवन क्या है; क्या बंदरों से आतंक के संबंध में विभाग की कोई नीति है; क्या बंदरों और मनुष्यों के अधिकारों में संतुलन बनाए रखने के लिए कोई अध्ययन कराया गया है;

ज) विभाग द्वारा मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में हरितक्षेत्र बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे कदमों का विवरण प्रदान करें, विगत दस वर्ष में कितने वृक्ष लगाए गए और उनमें से कितने बच गए हैं; और

झ) क्या मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में कोई 'वृक्ष–गणना' की गई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी आँकड़े प्रदान करें?

**132 श्री ओम प्रकाश शर्मा** **पर्यटन**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार ने दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पिछले 7 वर्षों में क्या–क्या नये कदम उठाये हैं;

ख) पर्यटन से दिल्ली सरकार को पिछले सात वर्षों में कितनी आय प्राप्त हुई है; वर्षवार विवरण दें; और

ग) दिल्ली सरकार की दिल्ली में पर्यटन के माध्यम से आय को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2022 में क्या नई योजनाएं हैं ?

**133 श्री जय भगवान** **पर्यटन**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) बवाना विधानसभा में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं;

ख) संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं?

**134 श्री जितेंद्र महाजन** **पर्यटन**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि डीटीटीडीसी द्वारा रोड नं. 68 पर नत्थू कालोनी चौक पर 126 करोड़ की लागत से बनवाए गए फ्लाई ओवर के पीडब्ल्यूडी को सौंपने के 1 वर्ष के भीतर टूटने/स्लैब गिरने की जांच हेतु एक कंसलटेंट नियुक्त किया गया था;

ख) यदि हां, तो जांच रिपोर्ट की प्रतिलिपि सहित उस कंसलटेंट का नाम, पता एवं उसको किए गए भुगतान की जानकारी उपलब्ध कराएं;

ग) डीटीटीडीसी के अनुसार गैम्मन इंजीनियर्स एंड कांट्रेक्टर्स प्राइवेट लि. को फ्लाइओवर बनाने की पूरी पेमेंट करने में कोर्ट के आदेश को सरकार द्वारा माननीय कोर्ट में चुनौती न दिए जाने के क्या कारण थे;



घ) उक्त फ्लाइओवर निर्माण के लिए जिम्मेदार डीटीटीडीसी अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी, पूर्ण जानकारी दें;

ड.) क्या यह सत्य है कि चीफ इंजीनियर के 15 जनवरी 2020 के पत्रांक के अनुपालन में डीटीटीडीसी द्वारा किसी प्रतिष्ठित कंसलटेंट द्वारा पुनः सेकिंड ओपिनियन लेने की बात की गयी थी;

च) यदि हां, तो उक्त दूसरे कंसलटेंट का नाम, पता एवं उसको किए गए भुगतान की जानकारी एवं उसके द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराएं; और

छ) फ्लाइओवर रिपेयर करने की तिथि, कार्य समाप्ति की समय–सीमा तथा लागत की पूर्ण जानकारी दें?

**135 श्री प्रवीन कुमार** **पर्यटन**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) निजामुद्दीन दरगाह के सौन्दर्यीकरण के विषय में विगत पांच वर्षों में क्या–क्या कार्य किये गये एवं भविष्य में इस दरगाह के सौन्दर्यीकरण के संदर्भ में सरकार की क्या योजना है; और

ख) निजामुद्दीन दरगाह के सौन्दर्यीकरण में पिछले पांच वर्षों में कितना पैसा खर्चा हुआ हैं दस्तावेजों सहित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाएं?

**136 श्री विजेन्द्र गुप्ता** **पर्यटन**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने वर्ष 2021–22 में कितना बजट रखा है;

ख) वर्ष 2022–23 में पर्यटन बजट को बढ़ाने की सरकार की क्या योजना है; और

ग) रोहिणी विधानसभा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

**137 श्री नरेश बाल्यान** **कला एवं संस्कृति**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम अब नहीं हो रहे हैं;

ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन्हें फिर से शुरू करने पर विचार कर रही है; और

ग) यह सांस्कृतिक कार्यक्रम फिर कब से शुरू किए जाएंगे, संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं?

**138 श्री अजय महावर** **कला एवं संस्कृति**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग का दिल्ली में कितना बजट है और वह किस–किस मद में खर्च होता है; और

ख) घोंडा विधासभा में अब तक इस माध्यम से किस–किस मद में खर्च हुआ, पूर्ण विवरण दें?

**139 श्री अजय महावर** **कला एवं संस्कृति**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) कला संस्कृति विभाग के अध्यक्ष से संबंधित कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा जो भी बदलाव किये गये उससे संबंधित दस्तावेज एवं नोटीफिकेशन की कापी प्रदान करें;

ख) उर्दू अकादमी के अध्यक्ष से संबंधित कला संस्कृति, भाषा विभाग द्वारा जो भी बदलाव किये गये उससे संबंधित दस्तावेज तथा नोटीफिकेशन की प्रतिलिपि प्रदान करें;

ग) सरकार द्वारा कला संस्कृति विभाग में जितनी नई अकादमी बनाई गई हैं उन सभी की जानकारी उपलब्ध कराएं;

घ) कला संस्कृति विभाग में हिन्दी, उर्दू, पंजाबी एवं साहित्य कला परिषद के अध्यक्ष के संबंध में जो भी बदलाव हुआ है उससे संबंधित



माननीय उपराज्यपाल महोदय से ली गई स्वीकृति, जानकारी, दस्तावेज एवं नोटीफिकेशन की कॉपी प्रदान करें;

ड.) क्या यह सत्य है कि ट्रांजेक्शन बिजनेस रूल्स–1992 के अनुसार सरकार द्वारा जारी नोटीफिकेशन के संदर्भ में उपरोक्त सभी अकादमियों को दिल्ली सरकार के विभाग में दर्शाया गया है जबकि पिछली विधानसभा में प्रश्न संख्या–38 द्वारा पूछे गये सवाल में इन अकादमियों को सोसायटी अधिनियम–1860 में दर्शाया गया था; और

च) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

**140 श्री जितेन्द्र महाजन** **कला एवं संस्कृति**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली स्ट्रीट थिएटर एंड परफॉर्मेंस आर्ट्स का आवेदन ऑनलाइन सरकार द्वारा मांगा गया था;

ख) यदि हाँ, तो इसके लिए कितने आवेदन आए और कितनों को इस प्रक्रिया में रिजेक्ट किया गया, सभी आवेदनकर्ताओं का पूर्ण विवरण पता और बैंक अकाउंट सहित जानकारी उपलब्ध कराए;

ग) वेद पाहुजा एंड एसोसिएट को स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार कब–कब तथा कितना भुगतान किया गया;

घ) 1000 आर्टिस्टों के स्थान पर मात्र 447 का चयन करने पर भी उसका पूरा भुगतान इस कंपनी को किस आधार पर किया गया;

ङ) कला संस्कृति विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों एवं स्वायत्त संस्थाओं में पिछले 6 वर्षों में कितनी भर्ती की गई, कितने लोगों को पदोन्नत किया गया तथा इन विभागों में कितने लोग कब से अनुबंध आधार पर कार्यरत हैं तथा कितने लोगों को पक्का कर दिया गया, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं;

च) कला संस्कृति विभाग और उससे संबंधित विभागों एवं स्वायत्त संस्थाओं में कार्यरत कितने कर्मचारियों को एक बार भी पदोन्नत नहीं किया गया, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं;

छ) स्ट्रीट आर्ट फेलोशिप स्कीम केवल 1 वर्ष के लिए थी जो कि वर्ष 2020 में समाप्त हो गई उसको बढ़ाने का क्या कोई विज्ञापन दिया गया; और

झ) जुलाई 2021 तक जिन कलाकारों को भुगतान किया गया उन सभी का जिलावार परफॉर्मेंस का पूर्ण विवरण दस्तावेजों सहित उपलब्ध करवाएं?

**141 श्री मोहन सिंह बिष्ट** **निर्वाचन**

क्या माननीय निर्वाचन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितने नये और पुराने वोट हैं;

ख) क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर विधान सभा में अधिकतर क्षेत्र उत्तर प्रदेश से लगे हुए हैं;

ग) क्या यह भी सत्य है कि उत्तर प्रदेश के लोगों के अधिकतर वोट दिल्ली के अंतर्गत बदरपुर खादर, चौहान पट्टी, कमल विहार, शहीद भगत सिंह कालोनी आदि क्षेत्रों में बने हुए हैं;

घ) चुनाव आयोग द्वारा इन वोटों की कब–कब जांच की गई;

ड.) उत्तर प्रदेश के ऐसे वोट जो दिल्ली के अंतर्गत बने हुए हैं; इनके नामों को मतदाता सूची से न हटाए जाने के क्या कारण हैं; और

च) इनको कब तक हटा दिया जाएगा?

**142 श्री मोहन सिंह बिष्ट** **निर्वाचन**

क्या माननीय निर्वाचन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि चुनाव से पहले परिसीमन करते समय सीमांकन का ध्यान नहीं दिया जाता है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर विधान सभा में करावल नगर रोड के अपोजिट चंद्रपुरी चांदबाग को भी जोड़ा गया है;



ग) क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर और मुस्तफाबाद में बाकियाबाद की जमीन को दो भागों में बांटा गया है;

घ) यदि हां, तो ब्रिजपुरी और चंद्रपुरी चांदबाग को अलग–अलग क्षेत्रों में जोड़ने के क्या कारण हैं;

ड.) क्या निर्वाचन आयोग द्वारा इस गलती को सुधारा जायेगा;

च) यदि हां, तो कब तक; और

छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**143 श्री अनिल बाजपेयी** **निर्वाचन**

क्या माननीय निर्वाचन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल कितने मतदाता है;

ख) इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या कितनी है और महिला मतदाताओं की संख्या कितनी है, विधानसभावार अलग–अलग जानकारी दें;

ग) सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल कितने वोट काटे गए, विधानसभावार क्षेत्रों की अलग–अलग जानकारी दें; और

घ) वर्ष 2022 में किस–किस विधानसभा क्षेत्र में कितने नये मतदाता पंजीकृत किए गए व उनमें से युवा मतदाताओं की संख्या कितनी है?

**144 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **वित्त**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 के बजटों में दिल्ली सरकार द्वारा भिन्न–भिन्न विभागों के लिए कितनी–कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था;

ख) इन दो वर्षों में इन धनराशियों में से सम्बन्धित विभागों द्वारा दिनांक 15.03.2022 तक कितनी–कितनी प्रतिशत धनराशि खर्च की गयी, पूर्ण विवरण दे?

**145 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **सूचना एवं प्रचार**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में विज्ञापनों एवं प्रचार माध्यमों द्वारा दिल्ली सरकार की भिन्न–भिन्न योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था;

ख) दिल्ली सरकार द्वारा इन दो वर्षों में विज्ञापन एवं प्रचार के अलग–अलग माध्यमों पर कितनी–कितनी धनराशि खर्च की गयी; और

ग) संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं?

**राज कुमार**
**सचिव**